e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 237

सुविचार
परिश्रम सौभाग्य की जननी है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
29.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# अबुआ आवास के नाम खुलेआम हो रही वसुली : विजय रविदास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष बुधवार को जिला पार्षद विजय रविदास ने 12 सूत्री मांगों के समर्थन में ग्रामीणों के साथ मिलकर एक दिवसीय धरना दिया.कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय रविदास और संचालन लालगढ़ पंसस सूरजमल राम ने किया.विजय रविदास ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास के नाम पर खुलेआम पैसों की वसूली हो रही है। पंचायतों में विचौलिया सक्रिय हैं। उन्ही के माध्यम से वसूली कराई जा रही है। पैसा नहीं देने वाले जरूरतमंदों को योजना के लाभ से वंचित कर दिया जा रहा है.वहीं सक्षम लोगों को आवास दिया जा रहा है.जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय को तो वसूली का केंद्र बनाकर रख दिया गया है। जिला पार्षद की मांगों में अबुआ आवास योग्य लाभुकों को देना, विश्रामपुर को अनुमंडल बनाना, विश्रामपुर को सूखा क्षेत्र घोषित करना, सिगसीगी पंचायत में कृषि पाठशाला बनाना, कजरु से घासीदास तक पथ निर्माण करना, राजखांड़ में धुरिया नदी पर पुल निर्माण करना, प्रखंड में सरकारी डिग्री कॉलेज खोलना, लालगढ़ में आईटीआई व पैरामेडिकल कॉलेज चालू करना, प्रखंड मुख्यालय से गौरा-घरटिया-चोरतिया पथ निर्माण करना, विश्रामपुर में खेल मैदान बनाना, विश्रामपुर के सभी पंचायत में सिंचाई की व्यवस्था करना व प्रखंड के सभी पंचायत में जल मीनार को चालू करना शामिल है। धरना समाप्ति से पहले विजय रविदास के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद को अपना मांग पत्र सौंपा। मौके पर कमल किशोर राम, रवि कांत कुमार, हृदाया विश्वकर्मा, श्याम नारायण पासवान, मुद्रिका यादव, विजय कुमार रवि, रामदेव यादव, महेंद्र यादव, गोपाल सिंह, ओंकार सिंह, रामप्यारे यादव, ललिता कुंवर, सविता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विश्रामपुर विस क्षेत्र का हो रहा पूर्ण विकास : चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित राजकीय +2 जनता उच्च विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने नारियल फोड़ कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकाश भी किसी भेदभाव के बगैर और न्याय के साथ हो रहा है.विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इदरिश हवारी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, संजय तिवारी, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, उपेंद्र तिवारी, रीता सिंह, सुशील चौधरी, राधेश्याम चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश व मंत्री रामेश्वर उरांव बुधवार को पलामू के रास्ते गढ़वा गए। इस दौरान पलामू गढ़वा सीमा पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडलीय प्रभारी सुधीर चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनो नेताओं का जोरदार स्वागत किया। उसके बाद स्कॉट करते हुए दोनो नेताओं के काफिले को लेकर गढ़वा चले गए। सुधीर चंद्रवंशी ने बताया कि दोनो नेताओं के पलामू प्रमंडल में आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जायेंगे। मौके पर सोनू सिंह,युगल किशोर चंद्रवांशी, राजन चंद्रवंशी, मनोज कुमार, संजय कुमार, सतीश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने शिव कुमार दुबे



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला एक्सीलेंस स्कूल के विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव हुआ। इस चुनाव में शिव कुमार दुबे को विद्यालय प्रबंध समिति का अध्यक्ष के रूप में चुनाव किया गया। जिसका निर्णय सर्वस्मिति से हुआ है। निर्णय के उपरांत श्री दुबे के द्वारा बताया गया कि विद्यालय से संबंधित जो भी निर्णय बच्चों के हित मे होगा वो इसके लिये अपने कार्यकाल में हमेशा प्रयास करते रहेंगे। बता दें कि शिव कुमार दुबे की पहचान पलामू जिले में एक समाजसेवी के रूप में है। वे हमेशा किसी न किसी रूप में समाज को अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहते हैं। कोरोना कल में भी इनके द्वारा बढ़-चढ़कर जरूरतमंदों के बीच सेवा भावना का कार्य किया गया था।

# हुसैनाबाद के प्रतिष्ठित व्यवसायी का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बुधवार को जपला नगर के श्रेष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी कृष्ण मुरारी सौंडिक का पूर्वाह्न 10.15 बजे चौक बाजार जपला स्थित आवास पर निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी, चार व्यवसायी पुत्र तथा दो पुत्रियों को छोड़ा है। कई माह से वे बीमार थे। गंगा घाट पर दाह संस्कार के लिए उनकी शवयात्रा बनारस के लिए प्रस्थान कर चुकी है। लगभग तीन दर्जन की संख्या में शहर के गणमान्य लोग भी प्रस्थान कर चुके हैं। कृष्ण मुरारी सौंडिक आज शहर को अलविदा कह कर लंबी यात्रा के लिए कूच कर गये। वे शहर के एक नामचीन व्यक्ति थे। शिक्षा से उनका लगाव बहुत था। चाहे बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना करनी हो या अन्य महाविद्यालय के निर्माण में सहयोग देना हो, हर जगह वे खड़े मिलते थे। शहर का श्रेष्ठ विद्यालय श्री मां बाल विकास विद्यालय की स्थापना में उनकी प्रेरक भूमिका थी। दिवंगत सौंडिक जी से विगत साढ़े तीन दशक से मेरा गहरा लगाव था। मैं तीन दशक पूर्व जब सरस्वती शिशु मंदिर जपला का प्राचार्य था,तब वे विद्यालय प्रबंधन समिति (बाल कल्याण समिति) के सचिव थे। 1992 ई में तत्कालीन सांसद रामदेव राम ने स्कूल निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की थी।मगर ज़मीन न होने के कारण भवन निर्माण संभव नहीं हो पा रहा था। मुझे याद है कि सरस्वती शिशु मंदिर की जमीन खोजने के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दी थी। साथ में मुझे भी ले जाते थे। अंततः नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद ने जमीन देने की घोषणा कर दी। उन्होंने खुशी खुशी विद्यालय को दान के रूप में जमीन दी।नहर मोड़ पर अवस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उसी जमीन पर बनकर तैयार हुआ। आज वे हमारे बीच में नहीं हैं, मगर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जबतक रहेगा, उनकी याद बरबस ताजा करता रहेगा।

# 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 30 अगस्त से 15 सितंबर तक किया जाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने इसके लिये पंचायतवार तिथि निर्धारित करते हुये प्रखंड एवं पंचायत कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 अगस्त को पंचायत भवन भोजपुर में, 31 अगस्त को मध्य विद्यालय बेलासपुर में, 3 सितम्बर कोउच्च विद्यालय चितविश्राम के प्रांगण में, 4 सितंबर को पंचायत भवन गरबाँध में, 6 सितंबर को पंचायत भवन हलिवंता कला में, 7 सितंबर को पंचायत भवन हुलहुला खुर्द में, 8 सितंबर को उच्च विद्यालय कधवन में,जब कि 10 सितंबर को पंचायत भवन कोलझिकि में तथा पंचायत भवन कुंबाखुर्द में, 12 सितंबर को पंचायत भवन कुशदण्ड में, 14 सितंबर को पंचायत भवन नरही में तथा 15 सितंबर को पंचायत भवन पिपरडीह में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। भोजपुर पंचायत में कनीय अभियंता 15 वां वित अशोक कुमार तथा पंचायत कर्मी जेएसएलपीएस के अभय कुमार, बिलासपुर में जनसेवक ज्ञान चंद्र केशरी तथा जेएसएलपीएस के सत्येंद्र कुमार, चितविश्राम पंचायत में ग्राम सेवक लालती देवी, रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, गरबाँध पंचायत में कनीय अभियंता 15 वां वित जितेंद्र कुमार तथा रोजगार सेवक सत्यनारायण कुमार सिंह, हलिवंता कला पंचायत में कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार तथा जेएसएल पीएस की पुष्पा कुमारी, हुलहुला खुर्द पंचायत में जन सेवक प्रशांत कुमार तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार सिंह, कधवन पंचायत में प्रखंड समन्वयक सुमित कुमार तथा जेएसएलपीएस के अभय कुमार, कोलझिकि पंचायत में लिपिक वेद प्रकाश तथा रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, कुंबाखुर्द पंचायत में लिपिक मनोज कुमार तथा जेएसएलपीएस की पुष्पा कुमारी, कुशदण्ड पंचायत में ग्राम सेविका उषा देवी तथा जेएसएल पीएस के मनोज कुमार, नरही पंचायत में प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार तथा रोजगार सेवक सत्यनारायण कुमार सिंह और पिपरडीह पंचायत में जन सेवक विकास कुमार तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार सिंह को प्रतिनियुक्ति किया गया है।

## बरियातू पंचायत में मनरेगा योजनाओं का किया जा रहा है भौतिक सत्यापन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बरियातु पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं को भौतिक सत्यापन के लिए सामाजिक अंकेक्षण की टीम बरियातु पंचायत भवन पहुंची है। जहां पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन व मजदूर का सत्यापन घूम घूम कर कर रहे हैं। सामाजिक अंकेक्षण टीम के सदस्य अनिल मेहता व चिरंजीवी कुमार ने बताया कि बरियातु पंचायत में मनरेगा से संचालित योजना में डोभा, टीसीबी, कुआं, मेढ़बंदी, दीदीवाडी, सेड योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सभी गांव में 29 अगस्त को ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। जबकि 30 अगस्त को पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में जनसुनवाई किया जाएगा।

# छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** नौडीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के अंतर्गत राजकीय कृत स्तरोन्नत 10 + 2 उच्च विद्यालय गुलाबझरी में 11 छात्राओं को झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक श्री ओम प्रकाश लाल विद्यालय ,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राजदेव साव ने संयुक्त रूप से वितरण किया। वही मौके पर प्रधानाध्यापक श्री ओम प्रकाश लाल ने कहा कि बच्चों की काफी दूर दुराज से आते थे। उन्होंने ने कहा कि बच्चों की प्रतिदिन विधालय आने व साथी साथ माता -पिता और अभिभावक से प्रतिदिन विधालय भेजने के लिए आग्रह किया। वही पर मौजूद विधालय के सहायक शिक्षक श्री संतोष कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से प्रतिदिन विधालय आने के लिए प्रेरित किया। साइकिल पाने के बाद छात्र -छात्राओं की बीच काफी खुशी की लहर देखी गई। मौक़े पर शिक्षक, धनंजय कुमार, इम्तियाज अंसारी, शिक्षक सुरेंद्र प्रजापति, समाज सेवी अजित कुमार समेत् काफी संख्या मे ग्रामीण के आलावा छात्र -छात्राओं मौजूद थे।

## पलामू के डीपीएम को पल्स पोलियो अभियान से कोई लेना देना नहीं : अवधेश शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पल्स पोलियो अभियान की सफलता से पलामू के डीपीएम को कोई लेना देना नहीं है। अभियान के बारे में जानकारी मांगे जाने के बाद वरिष्ठ पायरकर अवधेश शुक्ला को डीपीएम ने बताया कि पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलवाना मेरा काम नहीं है। यह काम संबंधित प्रखंड का है। विशेष जानकारी के लिए पलामू सिविल सर्जन से बात करें। बता दें कि भारत सरकार की ओर से 25 अगस्त को सभी पोलियो बूथ पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चे को पल्स पोलियो की दवा दी जा रही थी। सरकार के द्वारा प्रावधान है कि जो बच्चे बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं उन्हें उनके घर पर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस संदर्भ में झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष शुक्ला ने बताया कि दिनांक 26 अगस्त को उनके घर पर पल्स पोलियो की दवा पिलाने वाला कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा। मंगलवार को सुबह जब उन्होंने इसकी जानकारी पलामू डीपीएम से मांगी और कहा कि हमारे घर के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा नहीं मिली है। तब उन्होंने कहा कि यह काम सदर प्रखंड का है। पल्स पोलियो की दवा पिलाने की जिम्मेदारी हमारी नहीं है। पूछने पर उन्होंने बताया कि आप सिविल सर्जन से बात कीजिए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार की योजना नवजात शिशु से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कितना लाभदायक है। लेकिन इस प्रकार के अधिकारियों के कारण यह योजना फेल होते नजर आ रहा है।

## उपेंद्र दास राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष त्यागपत्र दे शामिल हुए भाजपा में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के युवा मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य उपेंद्र दास ने पार्टी दल से बुधवार को इस्तीफा दिया। उन्होंने अपना लेटर जारी कर बताया कि पार्टी ने मुझे मान सम्मान दिया लेकिन मैं पार्टी में समय नहीं दे पा रहा था जिसके कारण हमको पार्टी से इस्तीफा देना पड़ा, मुझे किसी तरह का वरीय अधिकारी से आपत्ति नहीं था। वही उपेंद्र दास ने अपने 10 युवा मंडली के साथ सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के आवास पर पहुंचकर सभी ने भाजपा पार्टी का समर्थन किया। विधायक किशुन कुमार दास ने सभी को पार्टी में आने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दिया और सभी को भाजपा पट्टा दे कर सम्मान किया। साथ ही प्रखंड बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि कार्यकर्ता स्वतंत्र है। किसी भी दल में आ सकते हैं जा सकते हैं। साथ ही बताया कि जो सम्मान राष्ट्रीय जनता दल ने दिया वह सम्मान किसी दल में नहीं मिल सकता है।

## मूसलाधार बारिश में ढहा कच्चा मकान बाल-बाल बची वृद्ध महिला, ग्रामीणों ने किया अबुआ आवास की मांग

**चतरा/हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत डाहा पंचायत के बेला गांव में कई दिनों से मूसलधार बारिश से एक खपरैल मकान गिर गया है। वही ईश्वर का लाख -लाख शुक्र रहा की वहां रह रही वृद्ध महिला बाल -बाल बच गई। इस बाबत में वृद्ध महिला शुक्रि देवी 70 वर्ष ने बताया कि हम मंगलवार करीब 4 बजे संध्या में मैं घर से निकली ही थी की अचानक मेरा घर ढह गया। मकान गिरने के बाद आसपास के लोग दौड़े और मेरे घर में रखे सामान को बाहर निकाले। शुक्रि ने बताया कि अब उसके समक्ष छत की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही ग्रामीणों ने बताया की उसका एक बेटा 50 वर्ष राजदेव मिस्त्री है जिसे 2 महीना पहले ही लकवा का शिकार हो गया है। ग्रामीण मांग कर रहे हैं की इस गरीब वृद्ध महिला को आबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाए। वही कुछ ग्रामीणों ने मुखिया पर आरोप लगाया की यहां जल जमाव हो गया था जिसकी वजह से घर गिरा जिसकी सूचना मुखिया को दूरभाष के माध्यम से देना चाहा लेकिन सम्पर्क नही हो पाया। वही जब पत्रकार ने मुखिया को दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दी तो मुखिया देवर अजय कुमार ने बताया कि इसकी सूचना मेरे पास नहीं आया था। आपके माध्यम से मिला है जल्द ही वरीय पदाधिकारी से बात कर पीड़ित को आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। ज्ञात हो की पिछले कुछ दिन के अंदर प्रखण्ड क्षेत्र में कई कच्चा मकान गिर चुका है जिसका मुख्य वजह मुसलधार बारिश और जल जमाव है।

# ज्योति पांडेय ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के युवा नेता ज्योति पांडेय ने सेमरा, करसो, बोड़ी, मतौली सहित विभिन्न पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं युवा साथी एवं ग्रामीण जनता से संवाद कर मुलाकात किया।संवाद के क्रम में ग्रामीण जनता ने अपनी समस्याओं पर भाजपा नेता को ध्यान आकृष्ट कराया और उन लोगों ने बताया कि बालू की समस्या के चलते हम अपना घर नहीं बना पा रहे हैं छोटे से छोटे काम के लिए ब्लॉक मुख्यालय का कई दिनों तक चक्कर काटना पड़ता है बिना पैसे के ब्लॉक में कोई काम नहीं होता है। वहीं ज्योति पांडेय ने स्थानीय ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमें सूझबूझ के साथ अपना नेता को चुनना है विपक्षी पार्टियों के द्वारा चुनाव को देखते हुए कुछ महीनो पहले से ही ग्रामीण जनता को योजना का लोभ लालच देकर ग्रामीण जनता का ध्यान भ्रमित करने का काम किया करते हैं। जनसंपर्क में अभियान में प्रखंड महामंत्री मनीष पांडे, सुदेश्वर चौधरी, कमलेश प्रसाद, करसो मुखिया पति शंकर साव, ईश्वरी प्रसाद, नवल किशोर तिवारी सहित सैकड़ों लोग जनसंपर्क में शामिल थें।

# श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की हुई प्रखंड स्तरीय बैठक, अध्यक्ष बने महेंद्र दांगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक के समीप दुर्गा मंण्डप में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति प्रखंड पत्थलगड़ा की हुवी बैठक। बैठक के अध्यक्षता बालेश्वर दांगी व संचालन हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार दांगी ने किया। बैठक में पिछले वर्ष के दुर्गा पूजा में हुवी आय-व्यय की हिसाब कोषाध्यक्ष उदय अग्रवाल ने दिया। जिसमें पिछले वर्ष दुर्गा पूजा में कुल आय- व्यय का हिसाब हुवी। साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुनः 2023 के ही समिति को 2024 के लिए मनोनीत किया गया। जो श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के दुसरी बार अध्यक्ष महेन्द्र दांगी, उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाह, वासुदेव दांगी, संजय कुमार, राजू ठाकुर, सचिव चुरामन प्रजापति, महासचिव अरविंद ठाकुर, सहसचिव राजकिशोर तिवारी, राजकुमार दांगी, अमित तिवारी, राजकुमार रजक, कोषाध्यक्ष उदय अग्रवाल, उपकोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहु के अलावे कई अन्य पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्रखंड वासियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस बैठक में भाजपा मण्डल अध्यक्ष सतीश दांगी, शिक्षक प्रमोद गुप्ता, राजकुमार रजक, अमित तिवारी, चूरामन प्रजापति, प्रमोद कुशवाहा, राजकुमार दांगी, संजय दांगी, दामोदर यादव, विनय कुमार, प्रकाश ठाकुर, सनोज दांगी, विलोचन ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर के आलावे सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व मुखिया घायल ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बदला पंचायत ग्राम में हाइवा ट्रक के चपेट में आने पर पूर्व मुखिया घायल घटना की सूचना पर पहुंची सेन्हा पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम में भरद्वाज कंट्रक्शन कम्पनी का हाइवा ट्रक जे एच 13 जे 6242 के चालक ने अपची मोटरसाइकिल जे एच 01 सी बी 3686 को अपने चपेट में ले लिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और मोटरसाइकिल में सवार बदला पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप उराँव को चोटें आई घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पूर्व मुखिया खतरे से बाहर होने की बात बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भरद्वाज कंट्रक्शन के मालवाहक हाइवा ट्रक मन्हे महगांव की ओर से सड़क निर्माण सामग्री गिरा कर भड़गांव जा रहा था। इसी दरमियान बदला ग्राम भ्रमण कर रहे पूर्व मुखिया को अपने चपेट में ले लिया। जबकि चालक ने बताया कि घटना मर मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके पीछे लगता है भरद्वाज कंट्रक्शन मालिक का इशारा होने की संदेह जा रहा है। जबकि भरद्वाज कंट्रक्शन का दबाव के कारण चालक तेज रफ्तात में ज्यादा सड़क निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने को लेकर यह घटना होने की बात बताई जा रही है। वही ट्रक को कब्जे में ले अग्रतर करवाई में पुलिस जुट गई है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 237

सुविचार
परिश्रम सौभाग्य की जननी है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
29.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल की सदस्यता निलंबित

**नई दिल्ली :** भारतीय चिकित्सा संघ ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। बता दें कि संदीप घोष से इस महीने की शुरुआत में कोलकाता में मौजूद संस्थान में जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में सीबीआई पूछताछ कर रही है।एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष हैं घोष बता दें कि संदीप घोष एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष हैं और उनकी आईएमए सदस्यता निलंबित करने का फैसला एसोसिएशन की अनुशासन समिति की तरफ से लिया गया है।

### वेस्ट बैंक में मौत बनकर बरसीं इजरायली मिसाइलें, हमले में 9 लोगों की मौत

**यरुशलम:** इजरायली सेना ने गाजा के बाद अब अपना टारगेट वेस्ट बैंक की ओर सेट कर दिया है। इजरायल की ओर से वेस्ट बैंक में कई घातक हमले किए गए, जिसमें कम से कम 9 फिलस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही सेना ने संवेदनशील माने जाने वाले जेनिन शहर को घेर लिया है। फिलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजरायली ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से लगभग हर दिन वेस्ट बैंक पर हमले किए हैं। फिलस्तीनी आतंकवादी समूहों ने कहा कि इजरायली सेना के साथ उनकी मुठभेड़ जारी है।

### गुजरात में भारी बारिश से तबाही, कई इलाकों में 12 फीट तक पहुंचा पानी

**अहमदाबाद:** गुजरात में भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे अधिकतर इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य के निचले इलाकों में पानी भर जाने के कारण कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इधर, वडोदरा शहर में पिछले तीन दिनों से भयंकर बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। कुछ इलाकों में पानी का स्तर 10-12 फीट तक पहुंच गया है।राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि गुजरात के वडोदरा से होकर बहने वाली विश्वामित्री नदी अपने खतरे के निशान से 12 फीट ऊपर बह रही है और निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नदी के दोनों तरफ बाढ़ के हालात हैं। कुछ इलाकों में पानी का स्तर 10-12 फीट तक पहुंच गया है।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र से एआई और डीपफेक पर नियंत्रण के लिए कानून बनाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक टेक्नोलॉजी पर नियंत्रण के लिए कानून बनाने पर विचार करने का आग्रह किया। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक वैश्विक समस्या है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। मामले की अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर बालिकाओं को सिखाएं गए आत्म सुरक्षा के गुर

**हरिद्वार:** श्री मिथिलेश सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सतीघाट, कनखल में आज राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर बालिकाओं के लिए एक दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 12 दर्जन छात्राओं को मार्शल आर्ट खेल वुशू की राष्ट्रीय कोच आरती सैनी ने आत्म सुरक्षा के कई उपयोगी गुर सिखाएं।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष त्याग मूर्ति गोस्वामी गणेश दत्त जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहना कर किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्यूनतम | 22° |

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : सीएम ने कोल्हान प्रमंडल में सम्मान राशि का किया हस्तांतरण

# जारी है नियुक्तियों का सिलसिला : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त ने कहा कि कोल्हान प्रमंडल की 6 लाख से अधिक माता-बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ा जा चुका है। राज्य में इस महत्वाकांक्षी योजना से प्रतिदिन लगभग 40 से 50 हजार माता-बहनों को जोड़ा जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अनवरत चलने वाली योजना है, यह कभी खत्म होने वाली योजना नहीं है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 15 से 20 दिनों के अंदर राज्य की लगभग 48 लाख महिलाओं को इस योजना के लाभ से आच्छादित किए जाने के लक्ष्य के साथ आगे बड़े हैं। आने वाले दोनों में जिस बेटी-बहन की उम्र 21 साल हो जाएगा वे स्वतः इस योजना से जुड़ जाएंगी। 21 वर्ष से ऊपर की सभी बहन-बेटी-माताएं इस महत्वाकांक्षी योजना की हकदार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि का हस्तांतरण कार्यक्रम पिछले दिनों संताल परगना में भी आयोजित किया गया था, इस कार्यक्रम में उपस्थित हजारों महिलाओं की भीड़ तथा उनके चेहरे की खुशी देखकर काफी अच्छा महसूस हुआ। भारी बारिश के बाद भी कार्यक्रम में शिरकत कर रही महिलाओं की खुशी, उत्साह, उमंग देखते बन रही थी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रापचा फुटबॉल मैदान, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावां में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत कोल्हान प्रमंडल की लाखों माता-बहनों को सम्मान राशि के हस्तांतरण कार्यक्रम में अपने संबोधन में कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रिमोट का बटन दबाकर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत कोल्हान प्रमंडल की लगभग 6 लाख माता-बहनों के बैंक एकाउंट में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक एक लाख से ज्यादा युवक-यूवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर दिखाया है। 35 से 40 हजार सरकारी नौकरियां दी गई हैं। आने वाले कुछ महीनो में लगभग और 40 हजार सरकारी नियुक्तियां प्रक्रियाधीन है। राज्य सरकार द्वारा नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी है।

### नारी सम्मान को समर्पित है झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

#### गरीब लोगों के पुराने बिजली बिल होंगे माफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब लोगों के पुराने बिजली बिल का बकाया भी माफ किया जाएगा ताकि उनके ऊपर कोई बोझ न रहे और उन्हें 200 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के 2 लाख रुपए तक का ऋण माफी करने का काम किया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत युवक-युवतियों को विभिन्न रोजगारों से जोड़ा जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका सहित कई क्षेत्रों में कार्यरत महिला-पुरुष कर्मियों के मानदेय में वृद्धि भी की गई है।



#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सविता महतो, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक समीर कुमार मोहंती, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक संजीव सरदार, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सोनाराम सिंकू सहित जिले प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**आदिवासी-मूलवासी का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता**

#### राज्य के आदिवासी-मूलवासी के विकास को समर्पित राज्य सरकार

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यहां के मूलवासी और आदिवासी लोगों ने जिस उम्मीद और आकांक्षा के साथ एक मजबूत सरकार बनाने का काम किया है, उनकी आशा-आकांक्षा एवं उम्मीद के अनुरूप राज्य सरकार ने उनके सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे आदिवासी समाज के लोग भी धीरे-धीरे प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे हैं। पहले आदिवासी समाज से बहुत कम लोग ही न्यायाधीश, वकील, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस इत्यादि बड़े पदों पर दिखाई देते थे, लेकिन अब परिस्थितियों बदली है अब हमारे आदिवासी समाज के युवक-युवतियां भी इन पदों पर काबिज हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यहां के आदिवासी-मूलवासी बच्चों को भी एक बेहतर प्लेटफार्म देने का काम कर रही है। राज्य सरकार निरंतर अपनी जड़ों को मजबूत कर रही है।

#### सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची राज्य सरकार की महत्वकाँक्षी योजनाएं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज भी झारखंड प्रदेश में कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं जहां के लोग जिला कार्यालय तो छोड़िए प्रखंड कार्यालय तक नहीं गए हैं। जिन्हें एसपी-डीसी, बीडीओ, सीओ तक के विषय में जानकारी नही है, वैसे लोगों तक योजनाओं को पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ÷आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार÷ अभियान चलाकर गांव-गांव, घर-घर तक अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं को पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। अब वृद्धा पेंशन योजना की उम्र सीमा में भी संशोधन किया गया है। उनकी सरकार अब 60 वर्ष नहीं बल्कि 50 वर्ष के उम्र से ही पात्र लाभुकों को वृद्धा पेंशन उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार का काम वही सरकार कर सकती है जो रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से चलती है।



### अगर बंगाल जला तो आग दिल्ली तक लगेगी : ममता

**नई दिल्ली:** कोलकाता में डॉक्टर से रेप और हत्या के बाद से पश्चिम बंगाल फिलहाल देश की राजनीति के केंद्र में है. राजनीतिक दल एक-दूसरे पर ना सिर्फ आरोप लगा रहे हैं, बल्कि अब धमकी के लहजे में भी बात हो रही है. बीजेपी के बंद और आरोप से भड़कीं सीएम ममता बनर्जी ने चेतावनी दी है, याद रखें अगर बंगाल जला तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी चुप नहीं रहेगा। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए सीएम ने कहा,बंगाल के गरीब लोग ढाकी, धामसा मादोल, आदिवासी नृत्य, लोक शिल्पी और बाउल से रोजगार करते हैं. इससे उनका घर चलता है. लेकिन केंद्र सरकार ने इन्हें बंद कर दिया है. ये हम नहीं होने देंगे. हम पीएम की कुर्सी हिला देंगे. ममता ने कहा कि बंगाल और बांग्लादेश की संस्कृति एक है. कई लोग बंगाल को बांग्लादेश समझ रहे हैं. याद रखिएगा कि अगर बंगाल में आग लगाने की कोशिश की तो पूरे देश में आग लगेगी। बुधवार को 12 घंटे के बंद के आह्वान के लिए भाजपा पर तीखा हमला करते हुए सीएम ने कहा,उन्होंने बंद का आह्वान किया, क्योंकि वे एक शव से राजनीतिक लाभ चाहते थे. भाजपा एक युवती की मौत के मद्देनजर आम लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है. वे बंगाल को बदनाम करना चाहते हैं और घटना की जांच को पटरी से उतारने की साजिश रच रहे हैं, ताकि पीड़िता और उसके परिवार को न्याय न मिले.

## स्वाइन फ्लू से 12 मौतों के बाद अलर्ट पर छत्तीसगढ़ सरकार




एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिससे आम लोगों में डर पसरा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि स्वाइन फ्लू पर अंकुश लगाने को लेकर पूरी रूपरेखा तैयार की जा चुकी है, और इसे जल्द ही जमीन पर उतारा जाएगा। बुधवार को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा,हमारे यहां स्वाइन फ्लू के साथ ही कई तरह के और संक्रमण का खतरा रहता है। ऐसे में जिस तरह से यहां स्वाइनफ्लू का कहर देखने को मिल रहा है जिसमें अब तक हजारों की संख्या में लोग इस बीमारी से संक्रमित पाए गए हैं, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग चिंतित है और स्थिति को काबू करने के प्रयास में जुटी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा,केंद्र सरकार के दिशानिर्देश का व्यापक स्तर पर पालन किया जा रहा है। जांच के दायरे को विस्तारित किया जा रहा है। इसके अलावा, हम लोग यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि अब तक कितने लोग इससे संक्रमित पाए जा चुके हैं। हमारी स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तत्परता के साथ काम कर रही है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर हम किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब तक स्वाइन फ्लू की जद में आकर 12 लोगों के मौत हो चुकी है। जिसे लेकर आम लोगों में डर का माहौल भी देखने को मिल रहा है, लेकिन हम लगातार इस डर को विस्तारित होने से रोक रहे हैं।

## सभ्य समाज बेटियों-बहनों के खिलाफ अत्याचार की इजाजत नहीं देता : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कोलकाता में आरजी कर मेडिसभ्य समाज बेटियों और बहनों के खिलाफ इस तरह के अत्याचार की इजाजत नहींकल कॉलेज में डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कोलकाता की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी। राष्ट्रपति ने कहा कि वह घटना से निराश और भयभीत हैं। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की विकृति के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। एक न्यूज एजेंसी को लिखे गए एक लेख में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं। अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे। महिला अपराधों पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस विकृति से व्यापक तरीके से निपटना चाहिए। ताकि इसे शुरू में ही रोका जा सके। जो लोग इस तरह के विचार रखते हैं, वे महिलाओं को एक वस्तु के रूप में देखते है।

अपनी बेटियों के प्रति यह हमारा दायित्व है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों के खिलाफ इस तरह के अत्याचार की इजाजत नहीं दे सकता। देश को इस पर गुस्सा जाहिर करना ही चाहिए और मैं भी इससे गुस्से में हूं।राष्ट्रपति ने पहली बार कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर अपने विचार रखे।

**एक न्यूज एजेंसी को लिखे गए एक लेख में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं। अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे।**



## चंपाई सोरेन ने जेएमएम से दिया इस्तीफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने लिखा,आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी पदों से त्याग-पत्र दिया. झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा. श्री सोरेन नयी दिल्ली से बुधवार को रांची लौटे। रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर चम्पाई सोरेन का स्वागत करने के लिए कोल्हान के इलाके से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।सरायकेला से छह बार के विधायक चम्पाई सोरेन 30 अगस्त को रांची में कमल का दामन थामेंगे। चम्पाई सोरेन का कहना है कि आदिवासी अस्मिता और उनके अस्तित्व को बचाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आस्था जतायी है.



### चंपाई सोरेन की जासूसी कराई जा रही थी : हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची:** असम के सीएम सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने असम में प्रेस कांफ्रेस के दौरान कहा कि झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की जासूसी कराई जा रही थी. यह काम झारखंड स्पेशल ब्रांच के दो सब इंस्पेक्टर कर रहे थे. दोनों को फिलहाल दिल्ली पुलिस ने कस्टडी में रखा है. पूछताछ में दोनों ने आईजी प्रभात कुमार का नाम लिया. उनके कहने पर ही दोनों सब इंस्पेक्टर जासूसी कर रहे थे.

## 6456 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मोदी कैबिनेट की मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र की मोदी सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग के बढावा देने के लिए कई बड़े निर्णय लिये हैं. केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने नेशनल इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 12 स्मार्ट सिटी को मंजूरी दी है. केंद्रीय मंत्री के अनुसार सरकार 10 राज्यों में इस प्रोजेक्ट के लिए 28,602 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना से लगभग 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा. इससे अप्रत्यक्ष रूप से 30 लाख नए रोजगार भी सृजित होंगे. केंद्रीय मंत्री के अनुसार इसमें 1.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है.बताया कि इसके तहत 14 नये रेलवे स्टेशन का निर्माण भी कराया जाएगा. पिछले तीन महीनें में मोदी कैबिनेट ने 2 लाख करोड़ के इंफ्रा प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है. जिन इलाकों में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी विकसित की जाएंगी।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सीएचपी रिजेक्शन मे मजदूरी बढ़ाने को लेकर ग्रामीणो, मजदुर व लिफ्टरो की हुई बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी चिरैयांटांड़ रिजेक्शन कोल डम्प मे काम करने वाले मजदुरो का मजदुरी बढ़ाने को लेकर ग्रामीणो,मजदुर एंव लिफ्टरो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार और संचालन अनिल ठाकुर ने किया।बैठक मे रिजेक्शन कोल डम्प में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है।बैठक मे सर्वसम्मति से 29 अगस्त को रिजेक्शन कोल डम्प में होने वाले कोयले के बिडिंग में मजदूरों को प्रति टन 150 रूपये मजदूरी बढ़ाने का निर्णय लिया गया।साथ ही मजदूरों के तय मजदूरी का भुगतान नगद करने का निर्णय लिया।बैठक मे मुख्य रूप से जितेन्द्र कुमार,बिजय महतो,रामचन्द्र उंराव,अमर महतो,श्रवण महतो,अनिल ठाकुर,मोहम्मद सदीक, मोहम्मद परवेज,सुरेश कुमार, गणेश कुमार,सुशीला देवी, शीला देवी,लीलावती देवी, गीता देवी,सविता देवी, सुचिता देवी,सुषमा देवी, नगिया देवी,सरिता देवी, देवकी देवी,सुनीता देवी, निरासो देवी,बुधनी देवी सहित काफी संख्या मे ग्रामीण एवं मजदूर उपस्थित थे।

## राजा पीटर ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**तमाड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ रांची जिला तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के भुंईयाड़ीह स्थित शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के समाधान करने के मांग को लेकर पूर्व मंत्री पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने बुधवार को कड़ी धूप और बारिश के बीच 30 किलोमीटर लंबी पद यात्रा कर 31 सूत्री मांग के समर्थन में झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पर बुंडू अनुमंडल कार्यालय में कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता के समक्ष ज्ञापन दिया. जिसमें प्रमुख मांगे तमाड़ के कैनाल रोड का निर्माण करने, नामकुम कांड्रा रेल लाईन बनाने, बुंडू तमाड़ में बस स्टैंड और शौचालय निर्माण करने, तमाड़ विधानसभा अंतर्गत नल जल योजना में खराब पड़े जल मीनार को पुनर्निर्माण, बुंडू अनुमंडल का आधारभूत संरचना निर्माण अनुमंडल अस्पताल को चिकित्सा व्यवस्था में दुरुस्त करने, रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 कांची पुल पर अर्थ निर्माण पुल निर्माण कर चालू करने, कांची नदी पर बना क्षतिग्रस्त पुल को अभिलंब निर्माण करने, वीरबाकी और तमाड पूर्वी प्रखंड का दर्जा देने, तमाड़ में डिग्री कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज को डिप्लोमा कॉलेज में प्रोन्नति करने, सिंचाई बिजली एवं राशन पानी की व्यवस्था में दुरुस्त करने आदि मांग को लेकर बिरसा विकास समिति के बैनर तले पूर्व विधायक राजा पिता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता से मिलकर ज्ञापन दिया. इस मौके पर उनके साथ में उनके धर्मपत्नी आरती देवी तमाड़ विधानसभा प्रभारी रोशन महतो विनय सिंह मुंडा धनंजय स्वासी, उपेंद्र महतो,नीतीश पांडे, विशाल माझी सुरेंद्र महतो प्रमोद भगत , अटकू चौधरी, महेश शर्मा , सीताराम मुंडा, महेश्वर मुंडा, मीना देवी, रमेश महतो, मोइन खान, केरल बड़ी संख्या में उनके समर्थक पदयात्रा में शामिल थे।

## रामा इंडस्ट्रीज की बैठक में कामगारों की समस्या पर चर्चा



**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के काठीटांड़ में बुधवार को रामा इडस्ट्रीज की बैठक हुयी। इसमें लघु और कुटीर उद्योग में काम करने वाले कामगारों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बदलते परिवेश में एमएसएमई प्रमोशन कॉउंसिल ऑफ इंडिया के जरिये मजदूरों को बैंक व वित्तीय संस्थाओं से दीर्घकालिक ऋण की सुविधा कैसे मिले, इस पर खास जोर दिया गया। चेयरमैन जितेंद्र कुमार जीवन ने पत्रकारों को बताया कि राज्य में पलायन न केवल बड़ी समस्या, बल्कि सरकार के लिये चुनौती भी है। इसे लेकर सरकार को छोटे उद्योग चलाने वालों को मदद करना समय की मांग है। महंगाई पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि इससे माध्यम वर्गीय लोग परेशान हैं। श्री जीवन ने इसके अनुपात में आय के स्रोत बढ़ाने की बात कही। उन्होंने जानकारी दी कि बैठक में मनोज कुमार सिंह, आदित्य झा, विपिन कुमार, गणेश कुमार गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, आदिल्य उज्जैन, मनोज साहू, मिथलेश ठाकुर, विकास कुमार, प्रदीप प्रजापति, संतोष सिन्हा, गीता नायक, रतन कुमार, नीतीश कुमार, बबलू कुमार, प्रभु कुमार, सुभाष कुमार, आशीष कुमार, अंकित कुमार, अनुज कुमार, अरुण साहू, राजू नायक, रोहन कुमार व सुबोध साहू आदि मौजूद थे।

# पिपरवार के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क से लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क इन दिनो आवागमन करने वाले लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है।जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है।इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने का कारण नही कराया गया है।उक्त एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है।सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बरसात के इस मौसम में उसमें पानी भर गया है,जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है।कोल वाहनों के परिचालन के दौरान आए दिन यहां कई कोल वाहन गड्ढे में फस जाते हैं,जिसके कारण सड़क जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा लंबित होने के कारण सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा करीब एक किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है,जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण उसमे बरसात का पानी जमा हो गया है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो पा रहा है और आए दिन गड्ढे में वाहनो के फंसने की सूचना मिल रही है।वही दो पहिया वाहन चालक यहां गिरकर घायल भी हो रहे हैं।इस संबंध में आवागमन करने वाले लोगों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने किया मुरी स्टेशन का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा बुधवार को स्पेशल सेलुन से मुरी पहुंचे। मुरी पहुंचते ही अधिकारियों द्वारा बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। महाप्रबंधक ने मुरी पहुंचकर मुरी रेलवे स्टेशन,लोबी,एवं रनिंग रुम का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सर्व प्रथम लोबी में जाकर वहां की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उसके बाद रनिंग रुम पहुंच कर वहां पर साफ सफाई और रनिंग स्टाफ महिलाएं एवं पुरुष के रहने की व्यवस्था की जांच की एवं वहां पर खान पान की व्यवस्था का जायजा लिया। रनिंग रुम की साफ सफाई खान पान की सही व्यवस्था को देखकर महाप्रबंधक ने वहां के अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही किसी प्रकार की कमी को पुरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने रामगढ़ स्टेशन से निरीक्षण शुरू किया।और दोपहर को एक बजे के लगभग मुरी स्टेशन पहुंचे। मुरी का निरीक्षण करने के बाद चांडील के लिए रवाना हुए। निरीक्षण के दौरान रांची डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा, आरपीएफ ओसी संजीव कुमार,जीआरपी , पी के साहू , डॉ जे कच्छप, रांची डीएमओ डॉ राजु तीर्की, रेलवे अधिकारी समेत रेलवे कर्मचारी मौजूद थे।

## डायलिसिस यूनिट का 2 सितंबर को किया जाएगा लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला :** हंस फाउण्डेशन रांची, (Registered Public Charitable Trust) एवं जिला प्रशासन तथा जिला स्वास्थ्य समिति, गुमला के संयुक्त पहल से हंस फाउण्डेशन राँची के द्वारा गुमला जिला के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / रेफरल अस्पताल, घाघरा एवं बसिया में डायलिसिस यूनिट (हंस रीनल केयर सेंटर) की स्थापना की गयी है। दिनांक 02.09.2024 को उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी, गुमला के कर कमलों से डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया जाएगा तथा इसे जिलावासियों की सेवा के लिए समर्पित किया जाएगा। हंस रीनल केयर सेंटर में निःशुल्क डायलिसिस सेवा मरीजों को उपलब्ध करायी जाएगी। दूर दराज के डायलिसिस मरीजों को गुमला या रॉची में डायलिसिस के लिए जाना नहीं पड़ेगा बल्कि सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र, घाघरा एव रेफरल अस्पताल, बसिया में ही मरीजों का डायलिसिस किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की पहल एवं हंस फाउण्डेशन के सहयोग से पूर्व में गुमला जिले के विभिन्न गाँवों में 12



मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जा रही है अब डायलिसिस सेंटर के उद्घाना से जिले के नागरिकों को और भी अधिक सुविधा उपलब्ध होंगी।

## जीवन में खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी : जिप उपाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** आर सी बालक मध्य विद्यालय कर्रा के मैदान में बुधवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार बीआरसी कर्रा द्वारा प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड- 2024 का आयोजन किया गया. जिसमें मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के विद्यालयवार सभी खेलों में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं का प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड-2024 में शामिल हुए और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया , खेलों झारखंड के तहत सभी बालक बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 3000 मीटर दौड़ के अतिरिक्त बॉलीबॉल, खो - खो, कब्बड्डी, उंची कुद, लम्बी कूद, गोला फेंक, रिले दौड़ इत्यादि खेल का प्रदर्शन किया गया.

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी आकांक्षी प्रखंड के कार्यक्रम लीड रोहित कुमार लाल एवं वरीय शिक्षक संजय एरियल कन्डूलना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया. इस अवसर जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कही कि यह बहुत हीं अच्छा मौका है जहां छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला है, स्वस्थ शरीर में हीं स्वस्थ्य मन का विकास होता है जिसे पड़ाई में भी मन लगता है, आज खेल में आगे बढ़ने का बहुत ही अवसर है हमारे झारखंड से बहुत सारे भाई बहन खेल में राज्य व देश का नाम रोशन कर रहें हैं. आप सभी इस अवसर के रुप में देखें आप यहां जितने के बाद आप जिला स्तर पर खेलेंगे. बीईओ विजयालक्ष्मी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाय किसी तरह का कोई विवाद नहीं हो. कार्यक्रम के आयोजनकर्ता बीपीओ मनमोहन साहु ने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं खुशहाल जीवन के लिए खेल बहुत जरूरी है आप सभी इसमें अपना भविष्य बना सकते हैं. जीवन में सफल इंसान बनने के लिए खेल का बहुत महत्व है.कार्यक्रम में मंच का संचालन रवि प्रकाश सानी ने किया ,खेल को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधान शिक्षक स्टीफन बारला बीआरपी राजेश प्रसाद, सीआरपी सूर्यकांत कुमार, संदीप कुमार सिंह सभी, प्रखंड के खेल शिक्षक प्रवीण खलखो,संजय मुंड़ा, प्रेम रतन आईन्द, जोसेप मिंज की अहम भूमिका रही।

## कालीचरण मुण्डा कीअध्यक्षता में जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरणालय स्थित सभागार में सांसद, खूँटी लोकसभा क्षेत्र कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। बैठक में विधायक, खूँटी विधानसभा क्षेत्र, नीलकंठ सिंह मुंडा एवं अन्य संबंधित सदस्त मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा सांसद, विधायक समेत सभी गणमान्य सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए एक-एक पर पूर्व की बैठक में दिए निर्देशों के आलोक में किए गए अनुपालन एवं प्रगति की जानकारी ली गई। उप विकास आयुक्त द्वारा मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं प्रधानमंत्री आवास को लेकर उन्होंने बताया कि जिले में हज़ारों आवास पूर्ण कराए गए है। समीक्षा के क्रम में 505 लाभुकों द्वारा किसी कारणवश आवास निर्माण को लंबित रखे जाने की जानकारी दी गई, जिसे लेकर श्री मुण्डा द्वारा जल्द निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया, साथ हीं प्रखंड प्रमुख समेत अन्य जन प्रतिनिधियों को भी लाभुकों को प्रेरित कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने में सहयोग करने का अपील किया गया। जिले में पलाश मार्ट का बेहतर संचालन पर जोर देने का निर्देश दिया गया। इससे जुड़े दीदीयों को सशक्त बनाने को लेकर अन्य उत्पादनो को भी बढ़ावा देने को कहा गया। वहीं जिले में होने वाले इमली, लाह, लेमन ग्रास समेत अन्य वन उत्पादों के लिए प्रोसेसिंग प्लांट बनाने का निर्देश दिया गया जिससे किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। जेएसएलपीएस को बंद पड़े प्रोसेसिंग प्लांट की समीक्षा कर उसे चालू करने का निर्देश दिया गया। जल छाजन एवं भूमि संरक्षण के तहत निर्मित तालाबों एवं जलाशयों में मत्स्य विभाग से समन्वय स्थापित कर मत्स्य पालन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा सके। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भू अर्जन के तहत हुए भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों को मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया गया। जिससे रैयतों को समस्या न हो और योजनाओं का क्रियान्वयन भी सरलता पूर्वक सुनिश्चित कराई जा सके। जिला में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुए नियमित रूप से नगर पंचायत क्षेत्र में फॉगिंग कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को दिया गया। अस्पतालों में इलाज की बेहतर व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया। जिले में वैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है वैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को हैंडओवर करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में खराब होने वाले ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय के अंदर मरम्मती करने का निर्देश दिया गया। जिससे निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। वैसे टोला जहां अब तक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, उन टोलों में विद्युतीकरण सुनिश्चित कराने को लेकर विभागीय पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। किसानों से किए गए धान क्रय के पश्चात उन्हें राशि भुगतान लंबित न रखने को लेकर श्री मुण्डा द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि धान क्रय के पश्चात किसानों को निर्धारित समय पर राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को ससमय वेतन भुगतान का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारियों को अंचल कार्यालय में कार्यो को लंबित न रखने को कहा गया, जिससे आमजनों को दाखिल खारिज समेत अन्य कार्यों को करने में समस्या ना हो। बैठक में कई प्रस्ताव एवं सुझाव भी दिए गए, शहर के नीचे चौक से लेकर ऊपर चौक तक लगने वाले सड़क जाम को लेकर सड़क चौड़ीकरण करने या रूट डायवर्ट कर वैकल्पिक रास्ता बनाने का प्रस्ताव दिया गया। शहरी क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था को लेकर भी प्रस्ताव दिया गया। मुरहू के जीवरी विद्यालय को अपग्रेड कर +12 विद्यालय बनाने का प्रस्ताव दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का सांसद ने किया शुभारंभ :**



समाहरणालय खूँटी के सभागार से आज सांसद, खूँटी लोकसभा क्षेत्र, कालीचरण मुण्डा द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों संग संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कालीचरण मुंडा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यस्क बी0सी0जी0 प्रतिरक्षण अभियान जिले में चलाया जाएगा। जिसके तहत बी0सी0जी0 प्रतिरक्षण हेतु सहमति प्रदान करने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु वाले लोग, 5 वर्ष पूर्व तक के टी0बी0 रोग का उपचार ले चूके व्यक्ति, 3 वर्ष पूर्व तक के टी0बी0 रोगी के सर्म्पक में रहने वाले व्यक्ति, धूम्रपान/शराब सेवन करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, मधुमेह (डायबिटिज) से ग्रसित व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति को बी0सी0जी0 का टिका लगाया जाएगा।

**किसे प्रतिरक्षित नहीं किया जाना है :** अठारह वर्ष से कम आयु वर्ग के लोग, गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, रोग से लड़ने हेतु कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग, एच.आई.वी. से ग्रसित व्यक्ति, बीमार व्यक्ति, तीन महिनें के अन्दर ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराये व्यक्ति, सहमति नहीं प्रदान करने वाले लोग को टिका नही दिया जाएगा।

## उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** बुधवार को खूंटी परिसदन सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ(झासा) खूंटी जिला इकाई की बैठक उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।जिसमे जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया एवं अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक में निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप,डीडीसी खूंटी श्याम नारायण राम,डीसीएलआर खूंटी अरविंद कुमार ओझा,अड़की प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरहू प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी,कर्रा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, रनिया विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी,खूंटी सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी,तोरपा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एनडीसी खूंटी,कार्यपालक दंडाधिकारी खूंटी मीनाक्षी भगत एवं ब्रजलता एवं झारखंड प्रशासनिक सेवा के अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन**

अध्यक्ष- आलोक शिकारी कच्छप, निदेशक आईटीडीए, खूंटी।
उपाध्यक्ष - प्रमोद कुमार राम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी,खूंटी।
सचिव - अरविंद कुमार ओझा ,डीसीएलआर, खूंटी
कोषाध्यक्ष- शंकर कुमार विद्यार्थी,अंचल अधिकारी मुरहू।

# बचरा मे हुई सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति की बैठक, कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सुनील प्रसाद और संचालन सोनू तिवारी ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले साल का आय-व्याय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं इस वर्ष सफल पूजा के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान भव्य पूजा पंडाल बनाने,आकर्षक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने,विधुत सज्जा,पूजा पंडाल के बगल मेला लगाने, पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने एवं बचरा स्टेडियम में रावण दहन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुर्गा पूजा के सफल संचालन को लेकर समिति का पुनर्गठन किया गया।

जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार,कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह,सचिव एसओपी नागेश गोपालन, कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता,कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार,उप कोषाध्यक्ष राम बच्चन यादव,संरक्षक बचरा उतरी मुखिया गुंजन सिंह और बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी को बनाया गया। बैठक में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मे विद्यापति सिंह, राजेंद्र गुप्ता,रविंद्र सिंह, सुनील प्रसाद,अनिल सोनी, संजय राजवार,उमेश सिंह, अभिषेक सिंह,रमेश राम, विजय प्रसाद,रोशन कुमार, लक्ष्मण मंडल,सूरज कुमार, विजय सिंह,सुरेश चौधरी, अनिल यादव,आकाश कुमार, अजय राम,रोहित कुमार, मंगल सिंह,हीरा राम, अमरजीत सिंह,कुणाल सिंह, अरुण कुमार,रमेश महतो, प्रवीण सिंह,नरेश महतो,रघुनाथ महतो, दीपक कुमार,मिथुन सिंह,पप्पू सोनी,नवीन साव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## वी मार्क ने लॉन्च की उच्च तकनीक वाली वायर और केबल की रेंज, उद्योग जगत में क्रांति

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्युत और पावर केबल उद्योग की अग्रणी कंपनी वी-मार्क ने लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अपनी नवीनतम केबल रेंज फ्लेक्सी टफ एचएफएफआर वायर्स एवं ईबी+ पावर केबल का अनावरण किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब और तमिलनाडु सहित सात राज्यों के 250 से अधिक डीलर्स ने हिस्सा लिया 7वी-मार्क की यह नई केबल रेंज उद्योग में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाने के लिए तैयार है। इन केबलों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉन बीम क्रॉस-लिंक्ड तकनीक का उपयोग किया गया है, उच्च तापमान (150एष्ट तक) पर भी प्रभावी रूप से काम कर सकती है।

## युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे की राजस्थान में हुई संदिग्ध मौत की जांच की मांग

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन से जुड़े युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे की मौत रहस्यमय तरीके से राजस्थान जयपुर में हो गई है। ऐसा बताया जा रहा है कि वह होटल में ठहरे थे और वहां बालकोनी से गिर गए। इस संबंध में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू का मानना है कि उनके साथ अनहोनी हुई है और इसकी जांच गहराई से होनी चाहिए। इस संबंध में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव के नाम एक पत्र लिखकर निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराने में सहयोग का आग्रह किया है। पप्पू ने संपूर्ण कमेटी से आग्रह करते हुए कहा है कि एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर के जिला उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलें और दुबे की मौत प्रकरण की गहन जांच की जरुरत पर बल दें। जिला प्रशासन से आग्रह किया जाय कि जमशेदपुर के वकील समुदाय की भावना को ध्यान में रखते हुए जयपुर की पुलिस से संपर्क कर उनसे गहन और विधि विज्ञान के अद्यतन तरीके से जांच करने का आग्रह किया जाय, जिससे परिवार एवं वकील समुदाय को पूरी तसल्ली हो। यदि अपराधिक घटना कारित की गई है तो अपराधी को उसके तार्किक परिणाम तक पहुंचाया जाना चाहिए।

## प्रखंड परिसर में स्थापित होगी बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा, हुआ भूमि पूजन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोगों द्वारा प्रखंड परिसर में भूमि पूजन किया गया। गौरतलब हो कि एक साल पूर्व प्रखंड परिसर में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा को किसी असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। तभी से नई प्रतिमा स्थापित करने को लेकर चर्चा होती रही लेकिन किसी ने भी इसपर ध्यान नहीं दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो व पंचायत प्रतिनिधियों एवं कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयास से जल्द ही मूर्ति स्थापित करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मुखिया राखोहरि सिंह मुण्डा, मनोरंजन महतो, सुभाष दत्ता, प्रभात प्रामाणिक, राम सिंह मुण्डा व दयाल सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सीएम के कार्यक्रम में हुए शामिल



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सरायकेला खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड के रापचा में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता खरसावां विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में भाग लेने के लिए गम्हरिया के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में रवाना होने के पहले विधायक दशरथ गागराई ने बताया कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही झारखंड राज्य के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित आयोग के भुवनेश्वर महतो, समाजसेवी बासंती गागराई, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, मुखिया करम सिंह मुंडा, धर्मेंद्र कुमार मुंडा, मुन्ना सोय, अरूण जामुदा, अजय सामद, अनुप सिंह देव आदि शामिल थे।

## इंद्रजीत दत्ता बने आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुड़दा की प्रबंधन समिति का कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का पुर्नगठन किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से नामित सुभाष चंद्र सतपथी एवं छात्र- छात्राओं के अभिभावकगण मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से इंद्रजीत दत्ता को अध्यक्ष एवं पार्वती महतो को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके पहले सभागार में समिति के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ माझी के कार्यकाल की अभिभावकों ने सराहना की। कहा गया कि पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ माझी के कार्यकाल में ही विद्यालय के सौंदर्यीकरण का काम की स्वीकृति दिलाई गई थी, जिसका कार्य प्रगति पर है। वहीं नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु योगदान देने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक सुजीत सेठ, विवेकानंद दरीपा, प्राणकृष्ण कुंभकार, रूपेश कुमार, जयंत रजक, चंदन मंडल व कृष्णा कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## कृष्ण-रुक्मणि विवाह के प्रसंग में मिला प्रेम की परीक्षा का संदेश : हिमांशु महाराज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को कथा व्यास हिमांशु महाराज ने गोपियों के साथ प्रेम की लीला और प्रेम की परीक्षा का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के साथ रुक्मणि विवाह की महिमा का गुणगान किया और कहा कि प्रेम की ही परीक्षा होती है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। भगवान भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवनतीका पुरी जाते हैं। भगवान को अपने ब्रज की याद आती है, तो कृष्ण साक्षात वृहस्पति के शिष्य निराकर ब्राम्ह् की उपासना करने वाले उधव को बृज में भेजते हैं। वहां वे गोपियों से प्रेम का पाठ पढ़कर आ जाते हैं। छठवें दिन बुधवार को यजमान के रूप में श्याम सुंदर नागेलिया, महाबीर नागेलिया, कुंजबिहारी नागेलिया, राजेश नागेलिया, ओमप्रकाश संघी, बिनय अग्रवाल, मीरा देवी हरनाथका मौजूद थे। आज मुरारीलाल नागेलिया, ओमप्रकाश नागेलिया, मधुसुदन नागेलिया, वैभव राघव नागेलिया, उत्तमचन्द देबूका, अनील गुप्ता की तरफ से प्रसाद का आयोजन किया गया था।

# बिष्टुपुर कार शोरुम पर हुए फायरिंग मामले में मास्टरमाइंड समेत चार अपराधी गिरफ्तार, जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पुलिस ने बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में पिछले 17 अगस्त को हुए कार शोरूम फायरिंग मामले के मास्टरमाइंड समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में प्रभाष सिंह उर्फ नन्नू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ पंडित, अमन सिंह उर्फ गोलू और शुभम सिंह शामिल हैं। पुलिस ने पूर्व में ही इस मामले में दो अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था। जबकि बाकी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस द्वारा छापेमारी चलाई जा रही थी। एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस वार्ता में बताया कि सिटी एसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने काफी गहन छानबीन के बाद घटना के मास्टरमाइंड प्रभाष सिंह सहित तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड प्रभाष सिंह मूल रूप से सिदगोड़ा का रहने वाला है, जबकि अभिषेक सिंह और शुभम सिंह बिहार के बांका जिले के रहने वाले हैं। अमन सिंह देवघर का निवासी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि इन अपराधियों का मुख्य उद्देश्य भय फैलाकर व्यवसायियों और कारोबारियों से रंगदारी वसूलना था। उन्होंने शहर के अन्य व्यवसायियों को भी धमकी दी थी। गिरफ्तार अपराधी पेशेवर हिस्ट्रीशीटर हैं और उनके खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त कार, रंगदारी के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी से जमशेदपुर के व्यापारिक जगत में फैले आतंक का माहौल कुछ हद तक शांत होने की उम्मीद है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान, डायन के नाम पर नहीं करें अत्याचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के सितु साप्ताहिक हाट में बुधवार को समाज कल्याण विभाग की और से छबि डेरेमेटिक आर्ट एंड सोसाइटी जमशेदपुर के कलाकारों के द्वारा ग्रामीण आमजनता को समाज में हो रहे डायन कुप्रथा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। सोसाइटी के सदस्य सत्यम सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक दिन हर विधवा महिला को डायन बोलकर अत्याचार किया जाता है। ग्रामीण ओझा गुनी के पास जाकर दिखाता है और ओझा गुनी लोगों से पैसा वसूलता है। जबकि सरकार का मानना है कि डायन समाज में नहीं है। जिस प्रकार एक साधारण महिला को समाज में रहने का अधिकार है वैसे ही विधवा महिला को भी समाज में रहने का अधिकार है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी विधवा महिला को डायन के नाम पर अत्याचार न करें। मौके पर सोसाइटी के सदस्य सुषमा प्रमाणिक, संकल्प मिश्रा, राजकुमार दास व अंकिता उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को करीम सिटी कॉलेज, मानगो कैंपस में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने की। जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समारोह में प्राचार्य के शुभ हाथों से ऐसे 30 छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किया गया, जिन्होंने इस वर्ष झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित 12वीं क्लास की परीक्षा में 85त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभा को संबोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और यह कहा कि इस सफलता को बरकरार रखना अब आपका कर्तव्य है। इसे बरकरार रखने के लिए आपको निरंतर और कड़ी मेहनत करनी होगी और साथ-साथ आपको अपने लिए एक रास्ता चुनना होगा जो आपके जीवन का एक लक्ष्य होगा और उसके लिए प्रयास जारी रखना होगा। इस अवसर पर इंटरमीडिएट सेक्शन के इंचार्ज शेख अनवर अली ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजन में कला, विज्ञान तथा वाणिज्य तीनों संख्याओं के प्रभारी तथा अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन फैजा मकसूद ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सोफिया निशात ने किया।

## दलमा क्षेत्र के 135 सरकारी स्कूलों में गठित होगा इको क्लब, बच्चों को पर्यावरण के बारे में दी जाएगी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला जिला के दलमा वन्य प्राणी आश्रयनी क्षेत्र स्थित स्कूल के छात्र छात्राओं को वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बताते हैं कि दलमा वन्य प्राणी आश्रयनी क्षेत्र के 135 स्कूलों के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और अन्य जानकारी दी जाएगी। सभी स्कूलों में इको क्लब (पर्यावरण संरक्षण क्लब) का गठन किया जाएगा। सरकारी स्कूलों में इको क्लब गठित करने की कवायद शुरू हो गई है। क्लब का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। पर्यावरण से संबंधित सक्रियता के लिए प्रोत्साहित करना है। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक जवाबदेही महसूस कराना है। इको क्लब के माध्यम से पौधरोपण, प्लास्टिक उपयोग की रोकथाम, विद्यालय परिसर के विकास में भूमिका, वन्यजीव संरक्षण, स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाने, विद्यालय में पर्यावरण बचाओ अभियान समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से दलमा आरएफओ दिनेश चंद्र मौजूद थे।

## लावा में भागवत पाठ व भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लावा गांव में जन्माष्टमी के मौके पर मंगलवार को भागवत पाठ, संध्या आरती व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। समाजसेवी ईशान चंद्र गोप की ओर से उनके आवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान नगर कीर्तन सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। मौके पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खीर व खिचड़ी भोग का भी वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पश्चिम बंगाल के मायापुर से आई इस्कॉन की टीम व बंगोई स्थित राधाकृष्ण मंदिर से जुड़े भक्तों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसमें मुख्य रूप से शिवास चरण ब्रह्मचारी, नित्यानंद ब्रह्मचारी, प्रह्लाद विष्णु दास, मुक्तिदाता विष्णु दास, प्रफुल्ल महतो व माणिक गोप आदि शामिल थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम प्रधान बृंदावन दास, शिशुपाल सिंह सरदार, भीम मंडल, विजय कुमार पंडित, देवनाथ दास, परमेश्वर गोप, राजेश गोप, काजल गोप, माणिक हालदार, प्रदीप कुंभकार, राहुल महतो व हेमंत सिंह आदि ने महती भूमिका निभाई।

## टीएसएफ एवं टाटा मोटर्स ने आईटीआई छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण देने के लिए किया समझौता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा मोटर्स ने मगंलवार को आईटीआई तमाड़, आईटीआई चांडिल, आईटीआई जगन्नाथपुर और आईटीआई बांसपाल के छात्रों को मूल्यवान औद्योगिक अनुभव और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास की दिशा में एक गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र नरसिम्हा कुलकर्णी और टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। टाटा मोटर्स छात्रों को उनके प्रशिक्षण अवधि के दौरान स्टाइपेंड, आवास, भोजन, परिवहन और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर सौरव रॉय ने कहा हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि आईटीआई के छात्रों को वर्तमान उद्योग मानकों और वैश्विक उपभोक्ता मांग के साथ समग्र शिक्षा का अवसर मिले और टाटा मोटर्स सामुदायिक जुड़ाव की दिशा में इस कदम को आगे बढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त भागीदार है।

## नाबार्ड के अधिकारियों ने पटमदा में नॉनवाड़ी परियोजना की प्रगति का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) रांची के जीएम गौतम सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को एजीएम श्रुति रंजन पटनायक, एएमटी नागराजू, डीडीएम जसमिता बास्के एवं अभय मिश्रा की टीम ने नॉनवाड़ी परियोजना अंतर्गत टीआरसीएससी संस्था द्वारा पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के 10 गांवों में चलाई जा रही है कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परियोजना के कार्यों के प्रभाव का आकलन करने और जरूरी सुधार करने के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूहों, किसानों एवं हित धारकों के साथ पटमदा के धुसरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक की। संस्था के सदस्य स्वपन महतो ने बताया कि इस परियोजना अंतर्गत किसानों की आयवर्धन के लिए हाईवेल्यू वेजिटेबल कल्टीवेशन एवं वैज्ञानिक तरीके से बकरी व मुर्गी पालन हेतु बढ़ावा दिया जाता है। नाबार्ड के अधिकारियों ने इन्हीं कार्यों की प्रगति के लिए पटमदा के मादालकोचा, कालाझरना , पलमा, धुसरा, डोगागरल व बोड़ाम के बोंटा गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों व किसान समूहों से उनकी जरूरतें और चुनैतियों को समझने के लिए प्रयास किया और सुझाव दिया। नाबार्ड के अधिकारियों ने परियोजना के कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. तापस पाईक, जगबंधु महतो, स्वपन महतो, भृगुराम दास, निवारण, दीनबंधु, आशुतोष, हलधर, मधुसूदन, अनुपम व विश्वजीत आदि उपस्थित थे।

## शौचालय निर्माण की मांग पर कालिंदी बस्ती की महिलाओं ने भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में सौंपा जमशेदपुर बीडीओ को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसुडीह चांदनी चौक, कालिंदी बस्ती की रहने वाली दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को शौचालय व नाली निर्माण की मांग पर भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में जमशेदपुर बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि परसुडीह कालिंदी बस्ती में कुछ विवाद के कारण शौचालय व नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे बस्ती के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती के सभी महिला व पुरूष रेलवे पटरी में शौच के लिए जाते हैं, जो दुर्भाग्यजनक स्थिति है। रात के अंधेरे में जहरीले सांप, कीड़े मकोड़े का डर भी बस्ती के लोगों में बना रहता है। रात में ट्रेन भी गुजरती है जिसके कारण उसमें भी दुर्घटना का शिकार होने का खतरा बना रहता है। महिलाओं ने बीडीओ से मांग करते हुए कहा कि कालिंदी बस्ती में पहले शौचालय व नाली का निर्माण करवाया जाय, उसके बाद झारखंड मंईयां सम्मान की राशि बस्ती के महिलाओं को भेजियेगा। महिलाओं ने बस्ती में जल्द से जल्द शौचालय व नाली का निर्माण नहीं होने से उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी हैं। मौके पर लीला कालिंदी, सुभद्रा कालिंदी, सुनिता कालिंदी, प्रिया कालिंदी, अवंती कालिंदी, सुनीता पिंगुआ व अनिल कालिंदी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## घाघीडीह में जन्माष्टमी के मौके पर भाजपा नेता राजकुमार सिंह को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विकास महिला समिति, दक्षिण घाघीडीह महिला पंचायत द्वारा भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। 27 अगस्त की देर शाम राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में भीषण गर्मी के मौसम में अपने टैंकर से निरंतर जलापूर्ति करके लोगों को राहत पहुंचाने के लिए समिति की ओर से राजकुमार सिंह को सम्मानित किया गया। लोगों ने कहा कि राजकुमार सिंह जलसंकट के समय लोगों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं हैं। राजकुमार सिंह ने कहा कि वे विगत 15 वर्ष से ज्यादा समय से गर्मी के मौसम, जल संकट की स्थिति तथा शादी-विवाह एवं धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में जलसेवा का कार्य करते आ रहे हैं। वे किसी प्रचार या प्रसिद्धि के लिए नहीं बल्कि लोगों की सेवा और अपनी संतुष्टि के लिए जलसेवा करते हैं। उन्होंने जुस्को प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि गर्मी के तीन महीनों में जुस्को की तरफ से उन्हें निःशुल्क पेयजल दिया जाता है जबकि बाकी समय वे जुस्को से खरीद कर निःशुल्क पेयजल लोगों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि इस स्नेहपूर्ण सम्मान के लिए वे समिति की सभी बहनों का ऋणी हूं, आभारी हूं और हमेशा उनकी हर जरूरत में उनकी सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में दक्षिण घाघीडीह की मुखिया भरत जोड़ा, मनोज पात्रो, बनमाली दास, प्रकाश दास, छोटरी मुर्मु, संतोष साहू, दशरथ मुर्मु, सुखदेव दास, पिंकी जोड़ा, प्रियंका दास, ललिता देवी, अमृता प्रीतम सांडिल, सुवर्णा पात्रो, पार्वती दास, दीपमाला आदि उपस्थित थीं।


**Govt. of Jharkhand**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**

**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice, 3rd Call**

e-Tender Reference No.-RCD/FSD /AP/ RAN/15/24-25 Dated 27.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Construction of Barkagaon Bypass keeping the alignment out of the area of Pakri-Barwadih Coal Mines project area of NTPC including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Hazaribagh in the state of Jharkhand.from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length | 11.00 km |
| 3- | Work completion time | 45 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 29.08.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 09.09.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 10.09.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 332646 Road(24-25)#D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

**PR 333878 Road(24-25)#D**

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु खनन टास्ट फोर्स की बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई। 22 जुलाई को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा क्रमवार की गई। उन्होने सर्वप्रथम वाहन जांच मामले को लेकर परिवहन विभाग के कार्य पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों का निरंतर जांच अभियान चलाएं। अगर किसी वाहन चलकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो वैसे लापरवाह वाहन, वाहन चालको पर अविलम्ब कार्रवाई करें। आगे कहा खास करके वाहनो का अलट्रेशन, फिटनेश, रिफलेक्टीव टेप, प्रदुषण पेपर समेत अन्य का जांच करें। जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक 38 वाहनों पर प्राथमिकी, 81 वाहन जप्त अवैध परिवहन में 72 वाहन जप्त किया गया है। कुल 11,13,532 रू0 की जुर्माना राशि वसुली गई है। उपायुक्त ने बैठक में परियोजनाओं के महा प्रबंधको की उपस्थिति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा सभी क्षेत्र के महा प्रबंधक सीसीएल को खनन टास्क फोर्स की बैठक में भाग लेना अनिवार्य है अन्यथा सीसीएल प्रबंधन को पत्र लिखते हुए इसकी सूचना मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार,सचिव खान एवं भूतत्व विभाग झारखण्ड रांची को दी जाएगी। आम्रपाली परियोजना अंतर्गत सी0टी0ओ0 में निहित शर्तो का अनुपालन की समीक्षा में पाए गए अनियमितता के आलोक में महाप्रबंधक को कडी फटकार लगाते हुए 03 सप्ताह के अंदर बरती जा रही अनियमितताओं का निराकण करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुपालन नहीं रहने की स्थिति में सी0टी0ओ0 को निरस्त करने हेतु अनुशंसा की जाएगी। सभी क्षेत्र महाप्रबंधक ,परियोजना पदाधिकारियों को कोयला परिवहन में लगे वाहनों पर एक सप्ताह के अंदर रूट वाईज कलर स्टीकर लगाने हेतु निर्देशित किया गया एवं स्टीकर लगे वाहनों की सूचि जिला खनन कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय चतरा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा सीसीएल के सभी परियोजनाओं में कोयला परिवहन की जांच के लिए खान निरीक्षक एवं मोटरयान निरीक्षक चतरा दोनो संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाते हुए कार्रवाई करें। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित वाहन को ब्लैक लिस्ट करने का कार्रवाई करें। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स के सदस्यों के लिए एक सेक्शन पुलिस बल, एक नोडल पदाधिकारी के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में तैनात रखने हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा को निर्देशित किया गया।

## सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास की अनुशंसा पर गरगरिया घाट पर होगा पूल का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और पुल का सौगात मिला है। सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास के प्रयास से इटखोरी प्रखंड के हलमता पंचायत के महाने नदी के हलमता एवं जुगुडीह के गरगरिया घाट पर पुल के निर्माण का राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति दी है। दरअसल इटखोरी प्रखंड के हलमता पंचायत के लोगों को के लिए गरगरिया घाट पर पुल निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही थी। लेकिन लोगों की भावनाओं के बावजूद पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा था तब सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने अपने अथक प्रयास से इस पुल का निर्माण अब संभव हो पाएगा। इस संबंध में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा ई टेंडर भी निकाला जा चुका है। ई निविदा सूचना संख्या RDD/SD/CHATRA/04/2024-25 के द्वारा टेंडर निकाला गया है। इस पुल के निर्माण पर 5,52,78,600 रुपए खर्च होंगे। गरगरिया घाट पर पुल निर्माण होने से दर्जनों गांव के लोगों को राहत मिलेगा। गरगरिया घाट पर पुल निर्माण होने की जानकारी मिलने पर इटखोरी सहित पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास हमेशा लोगों की समस्याओं से रूबरू होते रहे हैं और यही वजह है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में बड़े-बड़े पुल, पुलिया, सड़क आदि का निर्माण विधायक किशुन कुमार दास की अनुशंसा पर सभी जगह पूरा हुआ है जिससे पूरे विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



## ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के द्वारा अनुमंडल स्तरीय प्रवासी मजदूर के साथ एक दिवसीय बैठक



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के लोक प्रेरणा केंद्र कार्यालय में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के द्वारा अनुमंडल स्तरीय प्रवासी मजदूर के परिवार वालों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 45 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें पुंडरा पंचायत के मुखिया विनोद महतो ने कहा कि हमारे प्रखंड और पंचायत में बहुत से ऐसे मजदूर हैं जो की प्रवास करते हैं ,और बिना रजिस्ट्रेशन के चले जाने की वजह से अलग-अलग विपत्ति में फंस जाते हैं। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पाता है इसलिए सभी लोगों से यह आग्रह होगा कि जितने भी लोग राज्य से बाहर काम करने जाते हैं उनको अपना रजिस्ट्रेशन प्रज्ञा केंद्र में जाकर के करवाना आवश्यक है। ताकि समय पड़ने पर उन्हें मदद किया जा सके वही एदला पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी ने कहा कि जब मजदूर राज्य से बाहर काम करना चाहते हैं और वहां दुर्घटना में उनकी मौत हो जाती है तब उनकी डेथ बॉडी लाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वहीं रजिस्ट्रेशन या कोई सूचना नहीं होने के कारण मदद नहीं मिल पाता है जो की काफी दुखद रहता है। अब जरूरी है कि हमें जागरूक होना है और अपने अधिकार के लिए रजिस्ट्रेशन कराना है। वहीं सबानो पंचायत के श्रमिक मित्र हेमंत कुमार ने बताया कि श्रम विभाग में बहुत से लाभ है जिसके तहत प्रवासी मजदूरों को लाभ दिया जाता है। जैसे श्रमाधान पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन करवाने से मजदूरों को सुरक्षा किट के साथ-साथ प्रसूति महिलाओं को प्रसव के पश्चात सहयोग राशि दी जाती है, एवं विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उपस्थित महिलाओं ने श्रमिक मित्र से श्रम विभाग में मिलने वाली योजनाओं के बारे में अलग-अलग तरह से सवाल जवाब किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौसमी बाखला, प्रतिमा देवी, कविता देवी, अनीता मिश्रा, रानी, सरोज, रंजू, पूजा, दुलारी शिवानी ने अपनी अहम भुमिका निभाई।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा चलाए जा रहे बंदी को स्थगित करने के लिए धरना स्थल पर कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड के शिवपुर रेलवे साइडिंग में रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा किया जा रहा बंदी को स्थगित करने के लिए बुधवार को धरना स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जुमन मिया ने किया एवं संचालन अभिषेक तथा चंद्रदेव साहू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में निर्णय लिया गया की रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा 16 सूत्री मांगो को लेकर हड़गड़वा रेलवे साइडिंग का कार्य बंद किया गया था उसे आज से चालू किया जाय। चुकी 16 सूत्री मांगो में 15 मांगे 23 अगस्त को आम्रपाली कोल परियोजना के प्रबंधक से हुई वार्ता में दस दिन का समय मांगा गया था। शेष एक मांग विस्थापित रैयतों का हडगड़वा रेलवे साइडिंग में रोजगार से जुड़ा मामला था। ओ भी आज लोडिंग कर रहे कंपनी द्वारा मान लिया गया है जिसके कारण रैयत विस्थापित मोर्चा एवं तमाम रैयत तथा प्रभावित लोगों ने धरने को समाप्त करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधान सभा प्रभारी सह मोर्चा के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार चंद्रा, विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, सचिव गुरुदयाल साव, जेपी महाराज, मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष निरंजन राणा के आलावे सैकड़ों की संख्या में प्रभावित विस्थापित लोग शामिल थे।

# जन समस्या समाधान के लिए पुलिस द्वारा शिविर का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** पुलिस प्रशासन के द्वारा जन समस्या के समाधान के लिए सिमरिया प्रखंड के बन्हे पंचायत भवन में बुधवार को एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन से संबंधित एवं भूमि विवाद से संबंधित किसी भी प्रकार का मामला हो तो हर बुधवार को आयोजित शिविर में आप अपने मामले को रख सकते हैं।प्रशासन के द्वारा आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।उन्होंने आगे बताया कि जीरोएफआईआर आप कहीं से भी करवा सकते हैं। 3 दिन के अंदर हाड कॉपी में साइन करना जरूरी है। इसके अलावा बिना थाना में गए हुए भी एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में बताया कि आप इस नंबर पर कॉल करके पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साइबर ठगी होने पर 1930 नंबर पर इसकी रिपोर्ट देनी चाहिए। मजदूरों के पलायन, डायन प्रथा, नन बैंकिंग की जानकारी पुलिस को दें पुलिस तुरंत इस पर कार्रवाई करेगी। अभी हम सभी का लक्ष्य अफीम की खेती पूर्णता बंद करने पर है। इसके लिए किसानों को जागरूक करना है एवं किसानों को नगदी फसल लगाने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर बन्हे मुखिया सुधीर सिंह, प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, नेमधारी महतो, ऐनुल हक समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य पंचायत सचिव संघ का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के समीप झारखण्ड राज्य पंचायत सचिव संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह हड़ताल पंचायत सचिवों द्वारा दो सूत्री मांगो के लिए किया गया है। जिसमें मूल ग्रेड पे 2400 / रुपए दिया जाय, प्रखण्ड पंचायती राज्य पदाधिकारी के पद पर 25 प्रतिशत में शेष प्रोन्नति वरीयता के आधार पर दिया जाय, वहीं आरक्षित 25त्र पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा तीन बार अवसर देते हुए रिक्त स्थान को भरा जाय। अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर पंचायत सचिवों ने किया है।

## उगम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय टीचर ट्रेनिंग संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 अगस्त 2024 से दो फेज में ज़िला शिक्षा विभाग, लातेहार द्वारा उगम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से जिले के सभी केजीबीवी शिक्षकों का डीईओ कार्यालय सभागर में प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 4:00 बजे तक दो दिवसीय टीचर ट्रेनिंग का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस ट्रेनिंग में केजीबीवी जेबीएबी के सभी टीचर्स को 21 वीं सदी के शिक्षण कौशल विकास पर ट्रेनिंग दिया जा रहा था। यह ट्रैनिंग कार्यक्रम जिला उपायुक्त गरिमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित की जा रही थी। एडीपीओ अनूप केरकेट्टा तथा केजीबीवी इंचार्ज रोज मिंज के सहयोग से प्रशिक्षण किया जा रहा था। उगम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रशिक्षणकर्ता संजय झा के साथ प्रोग्राम लीडर विमला टुडू शामिल थे।

## ग्रामीणों ने जिप सदस्य संतोषी बीडीओ व सीओ को सौंपा मांगपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत अकराही टोला आजादी के बाद भी सड़क विहिन है जहाँ के ग्रामीणों को आवागमन के लिए वाहन तो दूर पैदल चलने में भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। लम्बे समय से परेशानी झेल रहे ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक करते हुए स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधि का ध्यान आकर्षित कराते हुए माँग पत्र तैयार कर सड़क निर्माण की माँग को लेकर जिला परिषद, बीडीओ, सीओ के नाम माँग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने प्रखंड के पश्चमी जिला परिषद संतोषी शेखर से उनके आवास पर मुलाक़ात करते हुए माँग पत्र सौंप कर सड़क की समस्या को दूर कराने की माँग की। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर लंबे समय से जूझ रहे है जिस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क में कई लोगो का रैयती भूमि भी है जिसमें कई लोग सड़क के लिए भूमिदान करने को इच्छुक हैं पर कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही हैं। वही जिला परिषद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सड़क की माँग जायजा है और इसको लेकर जिले के उपायुक्त से मुलाक़ात कर पहल करने की मांग की जाएगी। इस दौरान मौके पर धीरज सोनी, मनोज सिंह, हरेंद्र ठाकुर, रीना देवी, सुनील सोनी, अमरनाथ सिंह, गीता देवी, लीलू सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह, पिंटू सोनी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## आजसू जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आरईओ कार्यालय का किया गया घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 28 अगस्त 2024 को आजसू पार्टी की जिला कमिटी द्वारा लातेहार जिले के विभिन्न सड़कों की खराब स्थिति को लेकर आर ई ओ कार्यालय का घेराव किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की।घेराव के दौरान आजसू कार्यकर्ताओं ने जिले में सड़कों की बिगड़ी स्थिति पर कड़ा विरोध जताया और जल्द से जल्द उनकी मरम्मत की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इन सड़कों की खराब हालत से न सिर्फ आम जनता को परेशानी हो रही है, बल्कि इसका असर जिले के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है।आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि लातेहार जिले की सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है, और प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जब तक सड़कों की मरम्मत नहीं होती, तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा।÷प्रदर्शन के अंत में, सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सरकार से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत की मांग की और कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे और भी बड़े आंदोलन की शुरुआत करेंगे।

## कुष्ट एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग एवं टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जानकारी देते हुए डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने बताया की बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चलाये जा रहे कुष्ट रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से आगामी 13 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों, सहिया द्वारा कुष्ठ रोगीयो की पहचान कर उनका जांच एवं इलाज किया जाएगा। आगे बताया कि यह बीमारी छुआछूत बीमारी नहीं है इस बीमारी का इलाज संभव है। वही डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने बताया कि टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है ।लोगो को टीबी बीमारी से मुक्त करने को लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों सहिया दीदी द्वारा घर-घर जाकर अभियान चलाया जाएगा और मरीजों की पहचान किया जाएगा। इसके लिये बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। बीसीजी का टीका किसी व्यक्ति को टीबी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से संक्रमण होने से नहीं रोकता है। लेकिन यह बीमारी के विकास को रोकता है।

## गारू, कोटाम और रुद पंचायतों में बिजली आपूर्ति बाधित

**गारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारू कोटाम और रुद पंचायतों में बिजली आपूर्ति की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गारू के दलदलीय बिजली सबस्टेशन से इन दोनों पंचायतों में बिजली की आपूर्ति की जाती है, लेकिन हुरदाग और साल्वे गांव के बीच 11 हजार वोल्ट के जर्जर तारों के कारण अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इस स्थिति के चलते दोनों पंचायतों के लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों सुरेंद्र उरांव, मिथिलेश सिंह, संतोष सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, पिंटू भुइया का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों और कृषि गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।ग्रामीणों ने मांग की है कि गारू दलदलीय सबस्टेशन से बिजली की आपूर्ति बंद कर सरयू बिजली सबस्टेशन से आपूर्ति की जाए। उनका कहना है कि सरयू से कोटाम गांव के बीच में जंगल काफी कम है, जिससे सरयू सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति नियमित और सुचारू रूप से हो सकेगी। इससे दोनों पंचायतों में बिजली संकट से निजात मिलेगी।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले के दिन पहुंचे शिक्षामंत्री, विजेता टीम को किया पुरुस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत जबरा स्थित बारा खेल मैदान मे जेएमएम प्रखंड कमिटी द्वारा आयोजित प्रखंड फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच आज हुआ संपन्न। फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच मे मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा के झामुमो विधायक सह झारखंड सरकार के शिक्षा और उत्पाद मंत्री वैद्यनाथ राम विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव, सचिन शामशुशल होदा, लातेहार जिप सदस्य बिनोद उरांव, बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, सिओ नंद कुमार राम, बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत, गोनिया मुखिया रानो देवी, बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काट व बॉल को किक मार कर किया.फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच का मुकाबला बालूमाथ सरना क्लब जोगी पूरा बनाम शांति क्लब बलूमाथ के बिच खेला गया। जिसमे 15-15 मिनट के खेल मे किसी तरह कोई कोई परिणाम नहीं निकला ड्रॉ हो गया। कमेटी के निर्णय अनुसार पलांटी शूट आउट मे शांति क्लब बलूमाथ ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए एक गोल से विजयी प्राप्त कर ख़िताब पर कब्ज़ा जमा लिया। विजयी टीम को मंत्री वैद्यनाथ राम ने तीन बड़ा खस्सी व शील्ड देकर सम्मानित किया।

## विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति का किया गया पुनर्गठन

### राजीव कुमार उर्फ पप्पु बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन हेतु बैठक की गई। बैठक में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावक व पर्यवेक्षक सीआरपी प्रकाश कुमार यादव व संजीव कुमार मौजूद रहे। उनकी देखरेख व अभिभावकों की उपस्थिति में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन व विकाश समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति पुनर्गठन के पूर्व पर्यवेक्षक प्रकाश ने उपस्थित अभिभावकों को समिति पुनर्गठन से सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दिया। इसके पश्चात अभिभावकों के सम्मति से बारह सदस्यीय सदस्य का चुनाव किया गया। वहीं नवचयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजीव कुमार उर्फ पप्पु जी व उपाध्यक्ष ललिता देवी को चयन किया। साथ ही सदस्य के रूप में करमी देवी, चिंता देवी, सुषमा देवी, महेश्वरी देवी, संगीता देवी, सोमनाथ भगत, धर्मदेव उरांव, जाकिर अंसारी, सुबोध सिंह, मुन्ना उरांव शामिल है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण मिश्रा ने बैठक की समाप्ति की घोषणा किया। विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति पुनर्गठन में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक मिश्रा, जांकिनन्दन राणा, अभिभावक जीप सदस्य रमेश राम, देवनंदन प्रसाद, माधव प्रसाद, लक्ष्मण ठाकुर, उमेश सिंह, संजय प्रसाद, राकेश कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष अभिभावक उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रशासन अपराधियों को पकड़ने में नाकाम : बिरजू राम



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले लातेहार जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम के अगुवाई मे माले के प्रतिनिधि दल बरवाडीह एवं मनिका प्रखंड में बढ़ते अपराधिक घटना को केंद्रित कर बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नाम उनके रीडर को मांगपत्र सौंपा है। मांगपत्र के माध्यम से बताया गया है कि पिछले छः माह के अंदर पुलिस प्रशासन की भूमिका मे काफी नर्मी आई है। जिसके कारण अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। विगत 4 फरवरी 2024 को अमडीहा बाजार के करीब प्रखंड क्षेत्र के कुटमु निवासी रवि कुमार राम पिता सुदेश राम की हत्या कर दी गई। और अभी तक पुलिस प्रशासन अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है।वहीं कुछ दिन पूर्व 17 जुलाई 2024 को थाना से महज दो किलोमीटर दुरी सिंचाई क्लोनी में दिनदहाड़े 30 वर्षीय बादशाह नामक युवक को बेरहमी के साथ हत्या कर दिया गया।इस संबंध में माले जिला सचिव ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि पुलिस प्रशासन की भूमिका इसी प्रकार लचर और अपराधियों के प्रति नरमी रहा और समय रहते अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 10 सितम्बर 2024 को जरूरत के अनुसार डीएसपी व एसपी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के साथ भाकपा माले घेराव करने के लिए मजबूर होगा।

# प्रमंडल स्तरीय सहकारी महासम्मेलन का किया गया आयोजन

▶ अहम बैंक बनने के कगार पर है सहकारी बैंक : कृषि मंत्री

▶ कई लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सहकारिता वह क्रांति ला सकती है जो किसी राज्य को अंतिम पायदान से उठकर सबसे ऊपर के पायदान पर पहुंचा सकती है। राज्य सरकार अब किसानों को 50 हजार रुपए की जगह अब 2 लाख तक रुपए की ऋण माफ करेगी। आपको जिस तरीके की सहयोग की उम्मीद है, सरकार आपके हर वह सपने को पूरा करने की प्रयास कर रही है। उक्त बातें कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग झारखंड सरकार के मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कही। वे प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय सहकारी महासम्मेलन को संबोधित कर रही थी। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के तत्वधान में बुधवार को पैराडाइज रोसोर्ट में प्रमंडल स्तरीय एकदिवसीय सहकारी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। महासम्मेलन का शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय, बरही विधायक उमाशंकर अकेला,अंबा प्रसाद, सहकारी सहयोग समिति के निबंधक सूरज कुमार व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित लोगों ने एक पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कई कृषक मित्रों और सहकारी समिति के सदस्यों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उस पर पहल करने की बात कही।महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हम लोगों के पास कृषि, कोऑपरेटिव, मत्स्य, हॉर्टिकल्चर से जुड़ी कई कल्याणकारी योजनाएं हैं। डायरी जैसी लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर आप अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ-साथ लोगों की जो आम ज़रूरतें हैं उसे उनके घर तक पहुंचाने का माध्यम भी बन सकते हैं। खास करके कोऑपरेटिव के माध्यम से हमारा विभाग आपके किसी भी सोच पर सकारात्मक पहल करने का प्रयास करेगी। मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक राज्य के अहम बैंक बनने के कगार पर है।उन्होंने कहा कि कृषि ऋण माफी योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से अब सरकार 50 हजार रुपये की जगह किसानों को 2 लाख रुपये तक की ऋण माफ की जाएगी। पिछले दिनों यह कैबिनेट से पास भी हो गई है। कृषक मित्रों को प्रोत्साहन राशि की जगह अब मानदेय मिले, इसके लिए पहल करेगी।महासम्मेलन में सहकारी सहयोग समिति के निबंधक सूरज कुमार ने कहा कि कुछ राज्यों में सहकारी आंदोलन से राज्य की दिशा बदल रही है। सहकारिता को आगे बढ़ाने की सकारात्मक कवायद शुरू करनी होगी।

**महासम्मेलन में परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** प्रमंडल स्तरीय सहकारी महासम्मेलन में कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। संस्टेबल हार्वेस्टिंग टूल्स किट का वितरण 20 लाभुकों के बीच किया गया। केसीसी योजना का लाभ 17 लाभुकों को दिया गया। माइक्रो एटीएम का लाभ 10 लाभुकों को दिया गया। मोबाइल वेंडिंग कार्ट का लाभ 6 लाभुक, मत्स्यजीवी स0स0लि0 हेतु कार्यालय शेड का लाभ 5 लाभुक और मत्स्यजीवी स0स0लि0 हेतु आईस बॉक्स, टाना जाल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स बैलेंस का लाभ 5 लाभुकों को दिया गया। वित्तिय वर्ष 2023-24 अंतर्गत 500 एमटी क्षमता के गोदाम का निर्माण का लाभ 8 लाभुक को दिया गया।

# राज्यपाल ने चुरचू प्रखंड का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार 28 अगस्त को चुरचू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया। राज्यपाल वहाँ बच्चों से मिले तथा वहाँ बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात राज्यपाल ने मारसल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 उत्पादक केन्द्र, पंचायत-बहेरा, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया और बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के साथ संवाद किया एवं उनके उत्पादों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि बुनकर सहयोग समिति के कार्य हमारी बहनों के हित में ध्यान में रखते हुए हो। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों की आय में वृद्धि हो,ऐसा प्रयास हो। राज्यपाल ने कहा कि वे बुनकरों की कार्यप्रणाली व समस्याओं से अवगत हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी व गुणवत्तापूर्ण बुनकरो के द्वारा निर्मित वस्त्रों की मांग बाजार में बहुत है तथा इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने बुनकरों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि वे अपनी समस्याओं को लिखकर राज भवन में प्रेषित कर सकती हैं। राज्यपाल के समक्ष बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, डीआईजी सुनील भास्कर, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## दारू थाना क्षेत्र में दो बैल की हुई चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र में पिछले कुछ महीने से बैल, गाय, जानवर की चोरी लगातार हो रही है। इस बार दारू प्रखंड के अंतर्गत ईरगा पंचायत निवासी महेंद्र यादव का 2 बैल कि चोरी हुई है। बैल माचा के बथान में बंधा था। यह घटना सोमवार की रात्रि लगभग 1:30 बजे की है। आसपास के लोगो ने बताया कि चोरों ने बैल को स्कॉर्पियो में बिठाकर ले भागे।

## जंगली हाथियों के उत्पात से प्रभावित किसानों को प्रशासन दे मुआवजा : राकेश गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझारिया :** टाटीझारिया समेत कई इलाकों में हाथियों के उत्पात पर जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने किसानों के जानमाल नुकसान पर उचित की मुआवजा का मांग किया है। मांग के दौरान बताया कि हाथियों के उत्पात से किसान वर्ग को काफी नुकसान सहना पडता है। अन्नदाता किसान भाई अपने खून पसीने व परिश्रम से अनाज उपजाते हैं लेकिन हाथियों के उत्पात के द्वारा फसलों को तहसनहस कर पूरा बर्बाद किया जाता है। उन्होंने प्रशासन पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि प्रशासन कान में तेल डालकर सोई हुई रहती है। हाथियों द्वारा जब पूरा नुकसान हो जाता है एवं जब किसी की मृत्यु हो जाती है। तब प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचती है। इस मौके पर जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने जिला प्रशासन से हाथियों के उत्पात से हुए जानमाल के नुकसान पर उचित मुआवजा तथा सुरक्षा की मांग की है। साथ ही प्रशासन से हाथियों के उत्पात की खबर पाकर यथाशीघ्र सक्रिय होकर कार्य करने का भी आग्रह किया है।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

▶ पहले दो चरणों में गोद लिए हुए 130 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच बुधवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा, ÷अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है।÷ आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 130 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी शरद मिश्र, तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने की वन विभाग से मुआवजे की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में लगातार कई दिनों से 22 हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। हाथियों के झुंड ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और फसलों को भी बर्बाद किया है। इस संदर्भ में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने घरों और फसलों के नुकसान का आंकलन कर वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। आगे उन्होंने कहा के वन विभाग के अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ग्रामीणों को कोई भी मदद नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के कर्मी हड़ताल पर हैं। ऐसे में ग्रामीण दहशत में जीने को विवश हैं। ना कोई अधिकारी और ना ही जनप्रतिनिधि ग्रामीणों का शुद्ध ले रहे हैं। हाथियों द्वारा लगातार खेतों घरों और फसलों को बर्बाद किया जा रहा है। ग्रामीण मदद की गुहार लगा रहे हैं लेकिन कोई मदद नहीं कर रहा है। उन्होंने रात्रि में सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को टॉर्च एवं मसाल देने की भी मांग की है ताकि लोग अपनी सुरक्षा कर सके।

## विष्णुगढ़ में खुला रॉयल एनफील्ड का शोरूम



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में करीब-करीब सभी दुपहिया वाहनों का शोरूम पूर्व से यहाँ था,परन्तु बाइक प्रेमियों को रॉयल एनफील्ड की कमी खलती थी। ऐसा कोई भी बाइक प्रेमी नही जिसको रॉयल एनफील्ड से प्यार ना हो,इसके बढ़ते क्रेज और भारी डिमांड को देखते हुए बहुप्रतीक्षित रॉयल एनफील्ड का शोरूम आज +2 हाई स्कूल के सामने,विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग के किनारे भव्य उद्धघाटन के साथ खोला गया। रॉयल एनफील्ड शोरूम का उद्धघाटन शोरूम संचालक शेखर लाल की माताजी शकुंतला लाल के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर किया गया। इस मौके पर संचालक ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में रॉयल एनफील्ड की सभी रेंज उपलब्ध है,साथ ही साथ इसके सर्विस की सुविधा के साथ रॉयल एनफील्ड के पार्ट्स भी उपलब्ध है। वर्षो का भरोसा रॉयल एनफील्ड और हमारी वचनबद्धता हीं इस शोरूम की पहचान है। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय कुमार ,प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, मैनेजर मनीष कुमार ,सेल्स टीम के साथी शशि, चंदन समेत काफी सँख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी के केरेडारी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी के केरेडारी प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन केरेडारी मुख्य चौक के समीप आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधिवत किया! मौके पर उन्होंने कहा की कार्यालय जनता के साथ सीधे तौर पर जुड़ने में सहायक होगा! कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीण अपनी समस्याओं को आसानी से पार्टी के समक्ष रखा पाएंगे! केरेडारी की तमाम जनता की समस्याओं का समाधान करने में मुझे खुशी होगी! मौके पर केंद्रीय सदस्य पंकज शाह अनिल राम लीलाधन साहू भोला महतो जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा जिला सचिव उपेंद्र कुशवाहा गजेंद्र प्रसाद मनोज दांगी कामेश्वर महतो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो प्रखंड सचिव मोहन कुमार तपेश्वर कुमार महिला प्रखंड अध्यक्षा राधा देवी कंचन यादव मनोहर साव प्रमोद कुशवाहा विनोद सिंह नंदकिशोर तिवारी सुनील भुइंया कालेश्वर यादव शिवशंकर महतो मनीष कुमार उमेश राम दीपक कुमार साव उपेंद्र यादव सुखदेव गंझु उपेंद्र राम मदन राम रूपलाल महतो नरेश महतो कालेश्वर शाहा देवनारायण राणा विश्वनाथ महतो कैलाश महतो संजय राणा धनेश्वर महतो सहित सैंकड़ों की संख्या में आजसु कार्यकर्ता शामिल थे!

## बेंदगी गांव में श्मशान घाट जाने वाले रास्ता पूरी तरह से हुवा खराब, ग्रामीणों को हो रही है परेशानी



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के बेंदगी गांव में शमशान घाट जाने वाला रास्ता पूरी तरह से खराब हो गया है। बारिश के दौरान कच्ची सड़क होने के कारण पूरे सड़क में कीचड़ जम गई है। लोगों का आना-जाना इस रास्ते से कठिन कार्य हो गया है। यहां तक की इसी रोड से ग्रामीण खेती बारी का कार्य करने जाते है। समाजसेवी दिनेश साव ने बताया कि इसी मार्ग से पूरा गांव के लोग अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट जाते हैं, लेकिन कीचड़ होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कच्ची सड़क में लोग फिसल कर गिर भी जाते हैं। वहीं उन्होंने स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मांग किया कि जल्द से जल्द उक्त सड़क का पक्कीकरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# केडी परियोजना के मेडिकल कैंप में ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** 28 अगस्त को केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कुम्हरा बेंगवारी में मासिक मोबाइल मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया! इस कैंप में कुल 140 ग्रामीणों ने उपचार प्राप्त किया और विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया! इस कैंप का आयोजन एनटीपीसी के नैगाम समाजिक दायित्व का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाना है! मेडिकल कैंप में विभिन्न प्रकार की बुनियादी चिकित्सा जाँच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जाँच ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल बुखार सर्दी-खांसी और अन्य सामान्य बीमारियों की जाँच शामिल थी! कैंप में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने मिलकर ग्रामीणों का निरीक्षण किया और आवश्यक उपचार प्रदान किया! इसके साथ ही विशेष परामर्श भी दिया गया! जिसमें बदलते मौसम और ठंड के मौसम से बचाव के लिए जरूरी उपाय बताए गए! डॉक्टरों ने ग्रामीणों को बदलते मौसम के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक किया और उन्हें ठंड से बचने के लिए जरूरी सुझाव दिए! डॉक्टरों ने ग्रामीणों को बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहनें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और ठंडे पेय पदार्थो से बचें! इसके अलावा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उचित आहार और दिनचर्या का पालन करने की सलाह दी गई! ग्रामीणों ने केडीसीएमपी और एनटीपीसी द्वारा आयोजित इस मेडिकल कैंप की जमकर सराहना की! ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की स्वास्थ्य सेवाओं की गाँव में बहुत आवश्यकता है और ऐसे कैंप से उन्हें न केवल चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होती हैं बल्कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी बढ़ती है! गाँव की सरोज देवी ने कैंप की सराहना करते हुए कहा हमारे गाँव में इस तरह के कैंप की बहुत जरूरत थी! खासकर सर्दी के मौसम में बुजुर्गो और बच्चों को ज्यादा तकलीफ होती है! डॉक्टरों ने हमें सही सलाह दी और दवाइयाँ भी दीं। यह हमारे लिए बहुत बड़ा सहारा है !इस प्रकार के मेडिकल कैंप्स न केवल ग्रामीणों को उपचार प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनाते हैं! ऐसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में सुधार होगा जो एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में सहायक होगा!

# हजारीबाग के विकास हेतु एयरपोर्ट का निर्माण कराना मेरी पहली प्राथमिकता : डॉ आरसी मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के उपविजेता कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता किए नगर पालिका क्षेत्र में जनसंपर्क, विष्णूपुरी रामनगर कृष्णा पुरी मटवारी कोरा फॉरेस्ट कॉलोनी इत्यादि वार्ड का दौरा। विष्णुपुरी के सभा में डॉ मेहता ने कहा की हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास हेतु एयरपोर्ट लाना मेरी पहली प्राथमिकता है एयरपोर्ट निर्माण में विलंब के जमीनी स्तर तक हमने पड़ताल किया हूं नगवां चुरचू में हवाई अड्डा हेतु सरकारने पूर्व में भूमि अधिकरण किए हैं जिसमें अनेकों लोगों के भूखंड का सरकार ने अभी तक मुआवजा नहीं दिया है और कुछ एक का आज तक ट्रेजरी में पैसा पड़ा हुआ है मैं सरकार से इस संबंध में बात कर रहा हूं कि जिनका मुआवजा नहीं मिला है सरकार मुआवजा दे और हजारीबाग एयरपोर्ट का तत्काल निर्माण करावे, गलतियां राज्य सरकार की हो या केंद्र सरकार की या हजारीबाग जनता एयरपोर्ट की कमी भुगत रही है इसे मैं संज्ञान में लिया हूं जिद और जुनून के साथ हजारीबाग में एयरपोर्ट का निर्माण कराऊंगा या आश्वासन वादा कोई नेता नहीं हजारीबाग का बेटा दे रहा है। अनेकों नेता एयरपोर्ट के नाम पर 20-25 वर्षो से सांसद विधायक बनते आए परंतु ढोल के तीन तीन पाठ हुआ। यदि सरकार से बात नहीं बनती है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल नगवा हवाई अड्डा के भूखंड पर करूंगा जिसमें सर्व दलीय सर्व जातीय आंदोलन नगमा टोल प्लाजा के तरज पर होगा। तमाम हजारीबाग के जनता से मैं आह्वान करता हूं कि आंदोलन के समय आंदोलन में सरिक हों जब तक एयरपोर्ट का मांग पूरा नहीं होगा आंदोलन चलता रहेगा। झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं जैसे कच्चे मकान वाले अबूवा आवास मैईया योजना के तहत 51 वर्ष तक की महिलाएं हजार रु प्रति माह लाभ उठावे। कल्याणकारी योजनाओं से सर्वांगीण विकास हो रहा है हजारीबाग जिलों को भ्रष्टाचार दिमक की तरह खोखला कर रहा है कहीं ना कहीं हमारे जीते हुए जनप्रतिनिधि इसको रोकने में नाकाम हो रहे हैं यदि आप सभी हमें विधायक बनाते हैं तो पहला मेरा काम होगा भ्रष्टाचार मुक्त हजारी बाग बनाना। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कोऑपरेटिव जिला अध्यक्ष राजू मेहता सदर जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार आईपीसी के कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक सिंहज्ञ युवा प्रदेश सचिव कोमल कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललन बक्शी दीपक कुमार राजेश कुमार मुकेश कसेरा विकास कुमार वर्मा अमरीश बबन जी तिवारी लक्ष्मण सोनी राम शंकर शंकर एंबेसठा संदीप वर्मा राम लखन राणा अभिलेश कुमार यादव संतोष कुमार सनी कुमार सुमित कुमार देव अमर कुमार दीपक साहू राहुल डीसी निर्मल राम भोला सिंह प्रमोद साहू कुंदन साहू पिंटू साहू इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

## बरही में कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण चेतना न्यास ने किया यादव धर्मशाला में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर धनबाद रोड स्थित यादव धर्मशाला प्रांगण में राधा कृष्ण चेतना न्यास के द्वारा भव्य समारोह के बीच दही हांडी मटका फोड़ (गोविंदा मटका फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन हुई। इस कार्यक्रम में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। प्रतियोगिता को देखने दूर-दूर गांवों से लोग हजारों की संख्या में पहुंचे थे। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बरहीडीह डिफेंस एकेडमी, कारीमाटी, हरला, कोनरा, पडिरमा सहित 5 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपना कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। सभी युवक अपनी टीम को जीतने के लिए प्रयत्नशील दिखे। आयोजकों के द्वारा मटका की ऊंचाई करीब 35 फीट रखी गई थी जो युवाओं के लिए चुनौती बनी हुई थी। मटका को पकड़ने के लिए बारी बारी से मानव पिरामिड का सर्किल बनाकर ऊपर चढ़ रहे थे और बीच ढोल ताशे और दर्शकों की तालिया की गड़गड़ाहट देखने को बन रहा था, लेकिन सभी की निगाहें उस टंगी मटके पर थी, आखिर कौन टीम गोविंद बनेगा। कई राउंड के खेला चलने के बाद अंततः पडिरमा की टीम ने दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता बना। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद हजारीबाग मनीष जायसवाल, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता उपस्थित हुए, जिन्हें न्यास समिति द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप शिल्ड एवं राशि दिया गया।मटका फोड़ कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक यादव व संचालन राजकुमार यादव ने किया।बता दें कि धर्मशाला प्रांगण में मटका फोड़ कार्यक्रम के पूर्व एक दिवसीय अखंड कीर्तन व पूजा अर्चना कार्यक्रम में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी थी।

# आदर्श डीएवी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल आज विष्णुगढ़ के नामी गिरामी शैक्षणिक संस्थानों में गिनती होती है। आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल सीबीएससी मान्यता प्राप्त विद्यालय है,जहाँ हर एक गतिविधि सीबीएससी के पैटर्न पर आधारित है। इसी के तहत आज बुधवार को विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल आये छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण का उनकी हौसलाअफजाई की गई।इस विषय पर विद्यालय के निदेशक राणा इकबाल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा एक से कक्षा दस तक के छात्र-छात्राओं के बीच नृत्य प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता, अंग्रेजी एवं हिंदी लेखन प्रतियोगिता, पेंसिल स्केच प्रतियोगिता में अव्वल आये छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली कक्षा पाँच की छात्रा सृष्टि साहू ने नृत्य,संगीत तथा पेंसिल स्केच तीनो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा तृतीय की छात्रा सुजाता कुमारी ने कार्टून,चित्रकला एवं अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण एवं प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगे बेहतर करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर मुख्य रूप से कुमारी रीता, अर्चना कुमारी, नीलम कुमारी, महजबीन आरा, नाजमीन आरा, ज्योति टोप्पो, रेणु देवी, मिनी देवी, उपासना कुमारी, महजबीं नाज, सुमन कुमारी, स्वाति कुमारी,खुश्बू कुमारी, प्रतिभा अंसारी, पूर्णिमा कुमारी, यशोदा कुमारी, अंजलि कुमारी, मोनिका कुमारी, हेमलता कुमारी, अजित कुमार मिश्रा, सैफुल्लाह अंसारी, प्रिंस कुमार सिंह, ब्रह्मदेव कुमार मंडल, ताजुद्दीन अंसारी, मुकेश कुमार, रौशन पटेल, रवि कुमार पांडेय,राजेश कुमार, प्रतिमा देवी, गुणाधर देवी समेत सैकड़ों की सँख्या में विद्यालय के छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## टुंडी में चित्रकला-निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वरूप सरस्वती आवासीय सह दिवसीय विद्या मंदिर रतनपुर टुंडी में कृष्णा जन्माष्टमी धर्मोत्सव पर भैया बहन के लिए चित्रकला-निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें आचार्य बंधू भगिनी ने सांस्कृतिक विचार प्रस्तुत करते हुए शिशु -बाल किशोर भारती के भैया बहनों से प्रश्न पूछकर उत्साहित और ज्ञान वर्धन किया जो निम्न क्रम में दर्शाया जा रहा है।--शंत विहाय भोक्तव्यं सहस्त्रं स्नानमाचरेत लक्ष्य विहाय दातव्यं कोटि त्यक्त्वा हरिं भजे । की चर्चा हुई और प्रेरणा दी गई कि करोड़ों कार्य को छोड़कर अपनी प्रतिभा को विकसित करने के लिए अध्यात्म जरूरी है। प्रधानाचार्य छाया कुमारी ने अपनी आर्शिवचन में रामायण व रामचरितमानस के संदर्भ में कहा कर्म कैसा होना चाहिए की सीख है।इस क्षेत्र में स्थापित विद्या मंदिर में केवल शिक्षा ही साथ साथ संस्कृति संस्कार को जागृत करने का कार्य कर रही है।

## बाघमारा में कुष्ठ रोग खोज अभियान 28 अगस्त से 13 सितंबर 2024 तक



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा, स्वास्थ्य के साथ शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार, स्वास्थ्य विभाग बाघमारा द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 28 अगस्त से 13 सितंबर 2024 तक कुष्ठ रोग खोज अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके लिए पूरे बाघमारा में 350 दलों का गठन किया गया है, जिसमें सहिया एवं पुरुष कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर जाकर शारीरिक जांच करेंगे एवं कुष्ठ के संध्यात्मक रोगी मिलने पर इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया जाएगा। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल जिला कुष्ठ अधिकारी संपर्क कर सकते हैं। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा,प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक भावेश चंद्र प्रकाश,पारा मेडिकल वर्कर प्रीतम कुमार रवानी ,सहिया साथी हलिमा एजाज, सुनिता देवी, उपासना देवी, अनीता देवी, संध्या देवी,बीटीटी शांति देवी,रूपा देवी आदि के साथ साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दर्जनों जरूरतमंद लोगों को दिया गया तिरपाल, वर्षा से मिलेगी राहत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर निवासी समाजसेवी मुख्तार खान के द्वारा दर्जनो जरूरतमंद व्यक्तियों को तिरपाल दिया गया। इस बाबत मुख्तार खान ने बताया की उनके मित्रों ने उन्हें यह जानकारी दी की कुछ ऐसे लोग हैं जो बरसात के इस मौसम मे अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन जीने को विवश हैं। उनके पास अपना घर नहीं है और यदि कच्चा मकान है भी तो वो जर्जर अवस्था मे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें तिरपाल प्रदान किया गया ताकि धूप, आँधी और पानी से उनका बचाव हो सके। आगे उन्होने कहा की ऐसे लोगों को सरकार के द्वारा मकान भी उप्लब्ध कराने का वो प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समाजिक कार्यकर्ता हाजी जमीर आरिफ, मो शकील, मो यहिया, शादाब, नुमान, मनव्वर आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने अपने प्रयास ÷स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज÷ के तहत धनबाद प्रखण्ड के मुनिडीह अंतर्गत सामसिखरा पंचायत भवन में मुखिया चक्रधर महतो के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस एक दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया और अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य एवं कैंसर जैसी जांच की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को उचित सलाह दिया और उनके स्वास्थ्य से संबंधित सवालों का जवाब दिया एवं मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया।

मौके पर हरेन्द्र सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंच सकें। खासकर वे लोग जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और जिन्हें अक्सर चिकित्सा सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है।

# तीन की गिरफ्तारी के बाद फिर से सीबीआई की दबिश, कोल कारोबारी के आवास पर छापेमारी




प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** शहर के चनचनी कॉलोनी स्थित कोयला कारोबारी अनिल सांवरिया के आवास पर सीबीआई की टीम ने दबिश दी। जहां सीबीआई की टीम कारोबारी के आवास के अंदर छापेमारी कर रही है। सीबीआई की टीम को लगातार सफलता मिल रही है। पटना आयकर आयुक्त और धनबाद आयकर आयुक्त के प्रभार में चल रहे संतोष कुमार की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। उसके बाद चीकू नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। इसने संतोष कुमार को दस लाख रुपए दिए थे

**छापेमारी के दौरान सीबीआई को मिले अहम सुराग :-** सोमवार की रात हाउसिंग कॉलोनी के रहने वाले डॉक्टर प्रणय पूर्वे, बैंक मोड़ के गुरपाल सिंह और विपिन प्रिंटिंग प्रेस के संचालक अशोक चौरसिया के ठिकाने पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान सीबीआई की टीम को कई अहम सुराग मिले। पूछताछ के दौरान तीनों ने कई अहम खुलासे भी किए। इसके बाद सीबीआई की टीम इन तीनों को मेडिकल करा कर पटना के लिए रवाना हो गई। इस कार्रवाई के पहले सीबीआई की टीम ने पटना के आयकर आयुक्त और धनबाद आयकर आयुक्त के प्रभार में चल रहे संतोष कुमार को 10 लाख रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था.

**सीबीआई की दबिश से कारोबारियों में हड़कंप :-** सीबीआई की कार्रवाई से बड़े कारोबारी में हड़कंप मचा हुआ है। अनुमान लगाया जा रहा है कि टैक्स चोरी और जीएसटी में हेरा फेरी को लेकर लाइजनिंग का खेल चल रहा था। इस लाइजनिंग में डॉक्टर प्रणव पूर्वे और अशोक चौरसिया का नाम शामिल है। बड़े कारोबारी के लिए वह आयकर आयुक्त से लाइजनिंग का काम किया करता था। इतना ही नहीं रुपये की लेनदेन के लिए भी एक आदमी रखा गया था। पटना से गिरफ्तार हुआ चीकू ही आयकर आयुक्त को रुपए पहुंचाने का काम किया करता था। इसके बाद से कई और बड़े कारोबारी के नाम के खुलासे होने की संभावना है। सीबीआई उन सभी कारोबारी पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

## प्रमुख अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को आजसू के प्रदेश महासचिव विशाल महतो के निर्देशानुसार आजसू छात्र संघ के धनबाद जिला कमेटी के द्वारा बीबीएमकेयू अंतर्गत विभिन्न प्रमुख अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई प्रारम्भ करने के लिए मांग पत्र सौंपा गया। विशाल महतो ने कहा कि अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने की मांग को लेकर आजसू छात्र संघ लागतार आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड का निर्णय भी छात्र हित हमारे पक्ष में आया है। आजसू छात्र संघ के द्वारा कुछ दिन पूर्व कुलपति को इंटर का मामला सिंडीकेट की होने वाली बैठक मद रखने का आग्रह किया था जिसके बाद कुलपति ने आश्वासन दिया था कि यदि महाविद्यालयों से प्रस्ताव आता हैं तो इस मामले को सिंडिकेट में रखा जाएगा। जिसके बाद मंगलवार को आजसू छात्र संघ ने विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य से मिलकर ज्ञापन सौंपा और विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे की हुई मौत, परिजनों का रोकर बुरा हाल

# सिस्टम और अस्पताल की लापरवाही की भेंट चढ़ी एक और जिंदगी : इरशाद



प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित आठ वर्षीय बच्चा बुम्बा बनर्जी जिसे ए पॉजिटिव रक्त की शख्त जरूरत थी।

कहीं से भी रक्त की व्यवस्था ना होता देख उस बच्चे की मां ने हमेशा की तरह इस बार भी शहबाज सिद्दिकी मेमोरियल संस्था के संस्थापक मोहम्मद इरशाद आलम को फोन कर रक्त व्यवस्था कराने की बात कही।

इरशाद ने बिना देर किये अपने रेगुलर डोनर अरमान आलम के साथ धनबाद के सबसे बड़े अस्पताल एसएनएमएमसीएच पहुंचे और रक्तदान करवाया, पर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। ब्लड तो चढ़ गया पर वो मासुम बच्चा अपनी जिंदगी की जंग हार गया और बुम्बा बनर्जी अपने मां बाप के सामने ही मौत के आगोश मे समा गया।

वहीं परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इरशाद आलम ने कहा की कुछ संस्थाओं ने सिर्फ पेपर पर इन थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गोद लिया था किन्तु धरातल पर इन्हें देखने वाला कोइ नहीं। आगे उन्होने कहा की सिस्टम और अस्पताल की लापरवाही की भेंट चढ़ी एक और जिंदगी।

इरशाद ने सरकार, जिला प्रशाशन और अस्पताल प्रबंधन से सवाल करते हुए पुछा है की आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है और कब थमेगा इस तरह की मौत का सिलसिला? कब खत्म होगी लापरवाहियां तथा थैलेसीमिया बच्चों के लिये कब होगी समुचित व्यवस्था?

## दो नई लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को कैबिनेट ने दी मंजूरी

### अनुमानित लागत 6456 करोड़ रुपये, वर्ष 2028-29 तक पूरा करने का लक्ष्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** कैबिनेट ने भारतीय रेलवे में कनेक्टिविटी बढ़ाने, यात्रा को आसान बनाने, लॉजिस्टिक्स लागत कम करने, तेल आयात कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने के उद्देश्य से दो नई लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी

परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 6,456 करोड़ रुपये है और इसे 2028-29 तक पूरा किया जाएगा इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 114 (एक सौ चौदह) लाख मानव दिवसों का रोजगार पैदा होगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय की लगभग 6,456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से दूर-दराज़ के इलाकों को आपस में जोड़कर लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार लाने, मौजूदा लाइन क्षमता बढ़ाने और परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा जिससे तेजी से आर्थिक विकास होगा। नई लाइन के प्रस्तावों से सीधी कनेक्टिविटी बनेगी और आवागमन में सुधार होगा, तथा भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा संबंधी विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर बेहद जरूरी बुनियादी ढांचे का विकास होगा। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नए भारत की परिकल्पना के अनुरूप हैं, जिनसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विकास होगा और लोगों को ÷आत्मनिर्भर÷ बनाया जा सकेगा और उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना तैयार किए जाने से संभव हुआ है और यह लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे 4 राज्यों के 7 जिलों में लागू की जाने वाली तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं के साथ 14 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों (नुआपाड़ा और पूर्वी सिंहभूम) को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। नई लाइन परियोजनाओं से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख लोगों को कनेक्टिविटी मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख लोगों को कनेक्टिविटी मिलेगी। ये मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 45 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण के अनुकूल एवं ऊर्जा कुशल परिवहन साधन है और इससे जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने, तेल आयात (10 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (240 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद मिलेगी, जो 9.7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

### सरिया : पुरनीडीह में 99 लाख 89 हजार की लागत से बनेगा पंचायत भवन

# विधायक, जिप अध्यक्ष व पंचायत प्रतिनिधियों ने किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के पुरनीडीह पंचायत में 99 लाख 89 हजार की लागत से पंचायत भवन बनेगा । इसका शिलान्यास बुधवार को विधायक विनोद कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी व पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया । इस दौरान बिधायक बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि पूरे बगोदर विधानसभा के सभी पंचायतों में पंचायत भवन बन चुका है और उसमें सुचारू रुप से पंचायत के विकास कार्य भी किया जा रहा है। लेकिन पुरनीडीह पंचायत में जमीन विवाद के कारण अबतक पंचायत भवन नहीं बन पाया था। अब यहाँ उस विवाद को सलटाकर नये सिरे से जमीन चयन कर पंचायत भवन बनाने की नींव रखी गयी है। यहाँ के लोग अपने देखरेख में इसे बनवाएं यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा और पंचायती राज का सभी कार्य यहाँ हो सकेगा। इन्होंने बताया कि सरिया समेत पूरे बगोदर विधानसभा में विकास कार्य जैसे सडक, पुल, पुलिया का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कोई भी गांव पक्की सडकों से वंचित ना रहें इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। आपसबों का सहयोग मिलता रहा तो विकास की गति चलती रहेगी। वहीं जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने कही कि पंचायत भवन के बन जाने से पुरनीडीह पंचायत के लोगों को सुविधा होगी, उन्हें यहाँ वहाँ भटकना नहीं होगा बल्कि एक ही छत के नीचे सारे विकास कार्य की रुपरेखा बनाई व धरातल पर उतारी जा सकेगी। मौके पर जिप सदस्य लालमणि यादव, मुखिया सुनीता देवी, पंसस अनिल शर्मा, सुनील साव, श्यामसुन्दर प्रसाद, महादेव पासवान, कामेश्वर यादव, जिम्मी चौरसिया, शम्भुनाथ पंडा, दशरथ सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 : एनफोर्समेंट

## एजेंसियां चलाएं सघन जांच अभियान : उपायुक्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी एनफोर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्पाद, सीआइएसएफ, रेलवे, इनकम टैक्स, पुलिस सहित अन्य एनफोर्समेंट एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित कर, विशेष सतर्कता बरतते हुए सघन जांच अभियान चलाएं। वहीं उन्होंने धनबाद - बोकारो (इंटर डिस्ट्रिक्ट) तथा मैथन बोर्डर (इंटर स्टेट) पर कड़ाई से जांच करने, सभी बैंक को अप्रत्याशित कैश डिपोजिट और कैश विथड्रावल करने वाले खाता धारकों पर कड़ी नजर रखने तथा उत्पाद विभाग को अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, वरीय उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीएसपी हेडक्वार्टर 2 संदीप गुप्ता, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 सुमित कुमार, इनकम टैक्स से इंद्रजीत रविदास, उत्पाद विभाग से रामलीला रवानी के अलावा सीआईएसफ, बैंक सहित अन्य एनफोर्समेंट एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है : प्रो विनीता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह विधानसभा में प्रो विनीता कुमारी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा लगातार गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रही हैं।वही उनका कहना है कि इन साढ़े चार वर्षो के दौरान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने न सिर्फ महिलाओं बल्कि युवाओं के साथ साथ सभी जनता को ठगा है,लोग इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर फिर से भाजपा की सरकार चाहते हैं। मोदी की एक एक योजना का लाभ जनता को मिला है। लोगों का कहना है कि रघुवर दास जी की सरकार में हमलोग बहुत खुश थे और फिर से कमल फूल को जिताना है। विनीता का कहना है कि जिस भी क्षेत्र में जाती हूं, वहां समस्याओं का अंबार लगा है। पानी,बिजली, सड़क, आवास जो बेसिक जरूरतें हैं, वर्तमान की झारखंड सरकार वह भी पूरा नहीं कर पा रही है। युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान हैं, उनके लिए जो वादा इस सरकार ने की थी वह बेरोजगारी भत्ता भी नहीं मिला। गिरिडीह सदर के विधायक सिर्फ जमीन माफियाओं से मिले हैं,उनको आम जनता की सुध लेने की फुर्सत ही नहीं है। गिरिडीह विधानसभा की बात करें तो यहां सिर्फ विशेष वर्ग को ही फायदा है। इसलिए सभी लोगों ने मिलकर ठाना है कि इस बार फिर से कमल फूल को जिताना है और भाजपा की सरकार बनानी है ताकि महिलाएं सुरक्षित रह सके, युवाओं को रोजगार मिल सके, सभी वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस जनसंपर्क अभियान में साथ में भाजपा के नगर मंत्री समीर दीप पवन कंधवे, सुरेश गुप्ता, अमित आर्या, कुंदन साव, विवेक पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

# गिरिडीह कॉलेज में 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा किया गया वृक्षारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह में 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल 35 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजीव कुमार के दिशा निर्देशन और वाहिनी के उप कमांडेंट किसलय उपाध्याय और निरीक्षक सामान्य मंजीत सिंह, उप निरीक्षक अनोपा राम के प्रयत्नों का सुफल था। इस कार्यक्रम में वाहिनी के बीस से अधिक जवान सदल बल अनेक तरह के पौधों के साथ उपस्थित थे। वही कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनुज ने इस अवसर पर 35 वीं वाहिनी के पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ साथ सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का इस आयोजन में स्वागत किया और आभार प्रकट किया।इधर उप कमांडेंट किसलय उपाध्याय ने इस अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारा मुख्य दायित्व होना चाहिए। हरियाली से जीवन है और इसी से खुशहाली भी है। राजेश सिन्हा ने बताया कि इस अभियान के तहत हजारों वृक्ष लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के सहायक प्रोफेसर डॉ.बलभद्र सिंह ने किया।वही कार्यक्रम में कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -ढ्ढ और ढ्ढढ्ढ के स्वयंसेवकों के साथ साथ बी. एड. संभाग और अन्य विषयों के छात्र छात्राओं की भागीदारी रही। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनुज कुमार, अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर नयन कुमार सोरेन, राजनीति विज्ञान के राजकुमार वर्मा, उर्दू के डॉ.गुलाम सामदानी, बी एड के प्रो विनीता कुमारी, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, आशा रजवार, एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी अरुणिमा सिंह आदि ने सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों और जवानों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उसरी बचाओ अभियान के संयोजक राजेश सिन्हा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# मुस्लिम धर्मगुरुओं ने महंत द्वारा दिए गए गलत टिप्पणी के खिलाफ दिया धरना, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को समहरणालय कार्यालय के समीप अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें नबी करीम मोहम्मद सल्लाहो अल्हेवसल्लम की शान में किए गए गलत टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समुदाय ने नाराजगी जाहिर की है।इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि भारत एक सेक्युलर मुल्क है और संविधान यहां बसने वाले सभी नागरिकों का भरपूर सम्मान करती है।साथ ही इस देश में सभी धर्म के लोग आपस में सदियों से मिल जुल कर रहते आ रहे हैं साथ ही एक दूसरे के ईश्वर के दूत धर्मगुरु, ऋषिमुनि, साधु संत, मौलवी, पीर फकीर, आदि का सम्मान करती है लेकिन कुछ लोग बार बार सोची समझी विकृत मानसिकता के तहत विशेष धर्म के बारे में गलत टिप्पणी करने से गुरेज नहीं करते इसी क्रम में कहना है की इस्लाम धर्म के प्रवर्तक अल्लाह के दूत हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहाओ अलैहे वसल्लम के बारे में इस पूर्व भी एक सोची समझी साजिश के तहत कुछ देश के दुश्मन गलत बयान बाजी करते हैं और मुल्क के अमन व शांति को बिगाड़ने में लगे रहते हैं विगत दिनों पहले महाराष्ट्र के महंत गिरी नामक व्यक्ति देश के दुश्मन हमारे नबी पाक सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के शान में नाकाबिल ए बर्दाश्त टिपण्णी कर देश के माहौल को खराब करने और अमन शांति बिगाड़ने में तुले हुए हैं।अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा और यहां के अमन पसंद लोग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना के माध्यम अपने दुख और पीड़ा को अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नेतृत्व में मुस्लिम अमन पसंद नागरिक, समाज के लोग अपने दिल में लगे चोट को प्रदर्शित करते हैं और हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं और ऐसी टिप्पणी को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे साथ धरना के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से मांग है की ऐसे तथाकथित महंत को भारत सरकार अविलम्ब गिरफ्तार करे और ऐसी झूठी टिप्पणी करने वाले और हमारे आका व मौला के शान में गुस्ताखी करने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए तभी इतने बड़े समुदाय के लोगों के दिलों में जो ठेस पहुंची है कुछ मरहम लग सके और अपने मुल्क में सभी लोग अमन शांति से गंगा जमुनी तहजीब के साथ रह सके।

# जीप सदस्य मुआवजा दिलाने के लिये अंचलाधिकारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जीप सदस्य अंचलाधिकारी से मिल कर मुआवजा की बात की बीते दिन रविवार को अंचल क्षेत्र के एकागुड़ी मौज में तालाब में एक साथ तीन बच्चों का डूबने से मौत हो गई थी। जिसे क्षेत्र में बहुत बड़ा व दर्दनाक घटना घटित हुआ था। उसी निमित मृतक बच्चों के परिजनों द्वारा जीप सदस्य राधा तिर्की से सम्पर्क कर सरकारी सहायता दिलाने के लिये अनुरोध किया गया। जिस पर बच्चों के परिजनों को जीप सदस्य द्वारा मदद का भरोसा दिया था। उसी क्रम में बुधवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा राशि दिलाने के लिये अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से मुलाकात की। वही सीओ श्री तिवारी ने कहा कि मृत बच्चों के परिजनों से जरूरी कागजात अंचल कार्यालय में जमा कराने का जिसे हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया।

# एलएपी के लोहरदगा जिला के नगर अध्यक्ष बनी पूजा सोनी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को लोकहित अधिकार पार्टी के आदिवासी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन तिग्गा के उपस्थिति में एक बैठक लोहरदगा जिला के वार्ड नंबर 20 में किया गया। बैठक में काफी विचार विमर्श के अपरांत श्रीमती पूजा सोनी को सर्व समिति से नगर अध्यक्ष बनाया गया। जनजाति प्रदेश अध्यक्ष पवन तिग्गा ने कहा कि नगर का स्थिति धीरे-धीरे बद से बदतर होते जा रही है जिससे आने वाले दिनों में हर नाली और गली में मच्छर का वास और डेंगू मलेरिया का प्रकोप जोड़ों से होते जा रहा है जिससे नगर में रहने वाले नगरवासी, गरीब बेवस लोग हॉस्पिटल जाने के बाद अस्पताल में डॉक्टर है तो दवा नहीं दवा है तो डॉक्टर नही जिसके कारण लोग ब्लड जांच खून जांच पेशाब जांच के लिए सदर अस्पताल से बाहर प्राइवेट हॉस्पिटल में कराने के लिए मजबूर है। नगर अध्यक्ष पूजा सोनी ने कहा की लोकहित अधिकार पार्टी की सरकार बनती है और सत्ता शासन में आती है तो निश्चित तौर से सभी रोड नली और गली का स्वच्छ रखा जाएगा और आए दिन जो डेंगू मलेरिया का जो बीमारी से ग्रस्त है उसके लिए निजात दिलाया जाएगा। मौके पर संगीता देवी, जैस्मिता देवी, पूनम देवी मानसी कुमारी, शोभा देवी, नीलम देवी, इतवारी देवी, प्रीति देवी, राजकुमारी लोहरा, दीपक सोनी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।


# गाय और बछड़ों की पूजा करने से गाय में वास करने वाले सैकड़ो देवताओं का मिलता है आशीर्वाद : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि राजस्थानी महिलाओं का लोकप्रिय पर्व बछवारस 30 अगस्त को मनाया जाएगा। यह पर्व जन्माष्टमी के चार दिन बाद यानी भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गौ माता की बछड़े सहित पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बछवारस के दिन गाय और बछड़ों की पूजा करने से भगवान कृष्ण सहित गाय में निवास करने वाले सैकड़ो देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। जिससे घर में खुशहाली और संपन्नता आती है। इस दिन माताएं अपने पुत्रों को तिलक लगाकर तलाई फोड़ने के बाद लड्डू का प्रसाद देती है। पुत्रवान महिलाएं अपने संतान की मंगल कामना के लिए व्रत रखती है और पूजा करती है। इस दिन गेहूं से बने पकवान एवं कटी हुई सब्जी नहीं खाए जाते हैं। बाजरे या ज्वार का सोगटा और अंकुरित अनाज की कढ़ी एवं सूखी सब्जी बनाई जाती है। महिलाएं द्वारा सुबह गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद घरों मे सामूहिक रूप से बनी मिट्टी व गोबर से बनी तलैया की अच्छी तरह सजाकर उसमें कच्चा दूध, दही, मोठ, कुमकुम, मोली, धूप दीप प्रज्वलित कर पूजा करती है। एक लकड़ी के पाटे पर मिट्टी से बछवारस बनाते हैं और उसमें बीच में एक गोल मिट्टी का बावड़ी बनाते हैं फिर उसको थोड़ा दूध दही से भर देते हैं, तथा सब चीज पूजा सामग्री चढ़ाकर पूजा करते हैं। और बछवारस की कहानी सुनी जाती है। इस दिन घरों में विशेष कर बाजरे की रोटी बनती है, तथा इस दिन गाय की दूध की जगह भैंस का दूध का उपयोग किया जाता है। इस पर्व को गोवत्स द्वादशी भी कहते हैं। भगवान कृष्ण के गायों और बछड़ों से बड़ा प्रेम था इसलिए इस त्यौहार को मनाया जाता है।

**कैरो प्रखंड मुखिया संघ ने पांच सूत्री मांगो को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र**

# मान्डर के मुखिया प्रभा किस्पोटा का सेवा किया जाय वापस हटाया जाना असंवैधानिक : मुखिया संघ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड के सभी 06 पंचायत के मुखिया ने झारखंड राज्य मुखिया संघ के पांच सूत्री मांगों का समर्थन करते हुए 27 अगस्त मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य को पांच सूत्री मांग पत्र सौपा जिसमे मुख्य रूप से पंचायती राज्य वितीय आयोग की राशि शीघ्र पंचायतों को दिया जाए। कार्य अवधि के दौरान किसी भी पंचायती राज्य के जनप्रतिनिधियों का दुर्घटना होने पर 30,00,000 लाख का मुवावजा की व्यवस्था। मुखियागणों को केरल राज्य के तर्ज पर 30,000 हजार मानदेय, सरकार के द्वारा चलाये जा रहें माईया सम्मान योजना, अबुवा आवास सहित अन्य सरकारी योजना के लाभ पंचायती राज्य के जनप्रतिनिधियों को भी दिया जाए। बिना जांच पड़ताल के बिना दोषी साबित हुए वितीय शक्ति जब्त न किया जाए। जिन मुखिया का बिना जांच पड़ताल के वितीय शक्ति छीना गया उसे वापस किया जाए। मान्डर प्रखंड के मुखिया प्रभा किसपोटा को पद बिमुक्त करना असंवैधानिक है। पुनः उन्हें पदभार वापस दिया जाए। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, श्रवण मुंडा, चन्द्रमणि उरांव, सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, बीरेंद्र महली आदि उपस्थित थे।

# चहल्लूम के मौके पर किया गया मेला का आयोजन, विभिन्न गांव के अखड़ा ने खेल दिखाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र भड़गांव मेला टाँड़ में चहल्लूम कमेटी कलेहेपाट, भडगांव द्वारा मेला का आयोजन किया गया। आयोजित चेहल्लुम मेला में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेला में प्रखंड क्षेत्र के मौके पर अरु, सेन्हा, बूटी, झखरा, डोका, पारही, बांध टोली अरु, जोगना सुरसा, चापी सहित विभिन्न जगहों का अखड़ा के लोग शामिल होकर या हुसैन, या अली, नारे तकबीर का नारा बुलंद किया। वही मेला में आये सभी गांवों के अखाड़ा ने लाठी, तलवार का खेल दिखाया और नुमाइश की तारीफ़ सभी लोगों ने किया। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर ने रउफ अंसारी ने कहा कि इमाम ए हुसैन के बताए मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करें और हक के साथ नेकी कर जीवन को गुजारे आपसी सौहार्द कायम रखें और अपने वतन की पहचान बनाये.साथ ही कहा कि सभी मजहब का आदर करें.वही ज़िला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की इमाम ए हुसैन ने दुःख सुख में एक दूसरे की सहयोग करने और और अमन चैन से जीने का रास्ता बताया है। जिसे लोग अपनाए और भाईचारा के साथ मानव को सम्मान देना सीखे। मौके पर अंजुमन लोहरदगा के अध्यक्ष रऊफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, मोजमिल अंसारी, अनवर अंसारी, रुस्तम अंसारी, जहूर अंसारी, सोनू अंसारी, अजीज अंसारी, शाहिद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सर्पदंस से छात्रा की हुई मौत परिवार में शोक की लहर

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मुरपा छोटका टोली में सर्पदंस से 14 वर्षीय छात्रा की मृत्यु हो गई। परिवारिक सूत्रों के द्वारा बताया जाता है की उगरा पंचायत अन्तर्गत मुरपा छोटका टोली निवासी कैला उराँव का परिवार के सदस्य खाना खा कर सोये हुए थे। वही कैला उराँव की पुत्री सिमा कुमारी भी घर के अन्दर जमीन पर मच्छरदानी डाल कर सोई हुई थी। जिसे कुछ चीज बाएं पैर में काटने का आभास हुआ तो वह जग गई। और वही परिवार के सदस्यों को बताने के उपरांत अचेत हो गई। परिवार के सदस्यों द्वारा आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाया जा रहा था। जिसे अस्पताल ले जाने के क्रम में सिमा कुमारी का मृत्यु हो गया। सिमा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गगेया की दसवीं कक्षा की छात्रा थी। बेटी की मृत्यु से माँ पिताजी का रो रो कर बुरा हाल है तथा परिवार में शोक की लहर है।

# सभी जनता के चेहरे में मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है कांग्रेस पार्टी : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मंगलवार को भारत यादव, रोहित मिश्रा, प्रभाकर यादव, उत्तम कुमार सिंह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के आवास पहुंच कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी लोगों को विधायक ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कांग्रेस शामिल होने पर सभी के प्रति आभार जताया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मो की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। हर जनता के चेहरे में मुस्कान लाना कांग्रेस के नीति सिद्धांतों में है। विधायक ने कहा कि आप सभी के कांग्रेस में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी आज और अधिक मजबूत हो गई है। उम्मीद है आप सभी अन्य लोगों के प्रेरणास्रोत बनेंगे। आपसे प्रेरणा लेकर आने वाले दिनों और अधिक संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ेंगे। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष अजित लकड़ा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# गलत बिजली बिल की समस्या का समाधान करें अधिकारी : एनोस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** सात सालों तक गांव में बिजली नहीं रहने के बावजूद बिजली बिल की समस्या से ग्रसित प्रखंड के सैकड़ो ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का से मुलाकात किया। पूर्व मंत्री सभी ग्रामीणों के साथ विभाग के अधिकारी से मुलाकात की। पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने गलत बिजली बिल में संशोधन करते हुए ग्रामीणों के साथ न्याय करने की मांग की। मौके पर अधिकारी ने भी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गलत बिजली बिल की जांच कर सभी ग्रामीणों का बिजली बिल में संशोधन कराया जाएगा। त्वरित कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट पहला क्वाटर फाइनल हुआ समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर में चल रहे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सीजन 3 के फुटबॉल मैच और इस सीजन का पहला क्वार्टर फाइनल मैच अल-फतेह बनाम एसके स्पोर्ट्स डिबडिह रांची के बीच अपराह्न 4:00 से प्रखंड मैदान ठेठईटाँगर मे खेला गया जिसमें अल- फतेह ने एसके स्पोर्ट्स डिबडिह रांची को 04:01 गोल से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस खेल के मुख्य अतिथि रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक राज एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीतिश कुमार साथ में स्वास्थ्य कर्मी हिमांशु कुमार जी रहे। इस सीजन का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच आज 29/08/2024 को आसिफ 11 सबडेगा बनाम शिव शंकर क्लब झारसुगुड़ा के बीच खेला जाएगा

# नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवम विधायक दल के नेता का स्वागत सह अभिनंदन समारोह आयोजित आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज दिनांक 29/08/2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी एवम विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव जी का स्वागत सह अभिनंदन समारोह आयोजित की गई है। उक्त कार्यक्रम में माननीय सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार बालमुचू, एवम प्रदेश स्तर के कई बड़े नेता गण भी उपस्थित रहेंगे। तत्पश्चात लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं से निवेदन है कि समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी कांग्रेस जिलाअध्यक्ष सुखैर भगत ने दी।

**सरना सनातन समाज का गौ, गीता, गायत्री, गंगा आधार कौशल राज सिंह देव**

# ठेठईटांगर के टुकुपानी में मनाया गया विहिप स्थापना दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** विश्व हिंदू परिषद ठेठईटांगर प्रखंड समिति द्वारा धूमधाम के साथ टुकुपानी मैरिज हॉल में बुधवार को विहिप षष्ठीपूर्ति 60 वर्ष का स्थापना दिवस। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ,जिला मंत्री कृष्णा शर्मा प्रांत प्रचार प्रसार टोली सदस्य नारायण दास, प्रखंड समिति एवं पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रचलित करते हुए किया गया मौके पर संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा हिंदू समाज जब-जब बटा है तब तब लोगों ने इसका फायदा उठाया है इसलिए सभी लोग संगठित रहकर अपनी सरना सनातन संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने की आवश्यकता है । आज से 60 वर्ष पूर्व विश्व हिंदू परिषद की स्थापना करने का एकमात्र उद्देश्य था कि जिस प्रकार से भिन्न-भिन्न जातियों में हिंदू समाज बटा है उसे एक सूत्र में करने के लिए इसे बनाया गया था ।आज विशाल बरगद के रूप में विश्व हिंदू परिषद विभिन्न आयाम के माध्यम से लोगों के बीच सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की रीड हमारी गौ, गीता ,गायत्री, गंगा हमारा आधार है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में अंधविश्वास नशापन और समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर हिंदू समाज के लिए कम करें गांव में सत्संग कीर्तन भजन एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने का प्रयास करें इससे प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज गांव गांव मंदिर का निर्माण हो रहा है इसे धर्म जागरण का एक आस्था केंद्र के रूप में मंदिर को देखी जा रही है। उन्होंने भगवान राम और भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही मौके पर प्रांत प्रचार प्रसार टोली सदस्य नारायण दास ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को प्रेरित कर समाज में संगठित रहने का आवाहन किया। इस मौके पर नगर मंत्री आनंद गिरी, जिला मंत्री कृष्णा शर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, प्रखंड अध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, जिला महामंत्री सुबोध महतो, कुलदीप प्रसाद सहित सैकड़ो की संख्या में आए हुए लोगों उपस्थित थे।

# सेरनदाग में तीन सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग में आम्रपाली परियोजना के रेलवे साइडिंग की जमीन के लिए फर्जी ग्राम सभा को लेकर अधिकारियों के लिए चर्चा का विषय बन गई है। इतना ही नहीं सीसीएल द्वारा टंडवा प्रखंड के सेरनदाग गांव में कोल बेयरिंग एक्ट (सीबीए 1957) लगाए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीण सेरनदाग में कोल बेयरिंग एक्ट लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सेरनदाग के भूगर्भ में कोयला नहीं है।सीसीएल फर्जी तरीका से कोल वेयरिंग एक्ट लगा दिया है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए है। स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीण के मांगों को किया समर्थन अपने संबोधन में कहा कि मै आपलोगो के साथ हु आप लोगों का मांग जायज है। आम्रपाली जीएम समय रहते ग्रामीणों के मांग को पूरा नहीं करते हैं तो यह मामला लोकसभा में गूंजेगा। वहीं स्थानीय विधायक ने अपना संबोधन में कहा कि आम्रपाली जीएम अविलम्ब रेलवे लाइन रूट को चेंज करें। क्योंकि जिस रूट में रेलवे का काम होना है उस से ग्रामीण काफी प्रभावित है इसलिए इसके बगल में वनविभाग का काफी जमीन खाली है उस में काम करे।

# अतुल सर्राफ ने एक यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के सदस्य अतुल सर्राफ ने टोरी निवासी धनराज प्रजापति के पांच वर्षीय पुत्र यशराज प्रजापति को अपना ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। सेवा भारती लोहरदगा के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ को बच्चे को ब्लड की आवश्यकता को लेकर जानकारी मिली और बच्चे का जो ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी वह बहुत कम लोगों का ही रहता है, दीपक सर्राफ के पुत्र अतुल सर्राफ का वही ग्रुप था तब दीपक सर्राफ ने तुरंत अतुल सर्राफ को सदर अस्पताल भेज कर बच्चे को खुन दिलाया। बच्चा सिकल सेल के बीमारी से पीड़ित है, अतुल सर्राफ ने कहा कि मैंने पहली बार अपना ब्लड किसी मरीज को दिया, ब्लड देकर हमें बहुत ही आत्म संतुष्टि हो रही है। उन्होंने हर युवा से ब्लड दान करने की अपील की और कहा कि रक्त दान ही महादान है,हमारे छोटे से प्रयास से किसी को नया जीवन मिल सकता है। मैरिज के परिवार वाले धनराज प्रजापति, राहुल राय ने अतुल को धन्यवाद दिया।

## चलते चलते एक नजर

### संगीतमय गीतों की शाम से स्व. मुकेश की मनायी गयी 48वीं पुण्यतिथि

# जाने कहा गये वो दिन ...

कमलेश सिन्हा @ प्रभात मंत्र



**गढ़वा :** दर्द भरे गीतों के शहंशाह गायक मुकेश चन्द्र माथुर स्व. मुकेश की 48 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय गढ़वा में गीतों भरी शाम से उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की गयी। इस मौके पर सोनपुरवा स्थित सारेगामा म्यूजिकल कारवां द्वारा गीतों भरी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गयी। वहीं संगीत कला महाविद्यालय द्वारा टंडवा स्थित कार्यालय में पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर की 48 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर सारेगामा म्यूजिकल कारवां आयोजित कार्यक्रम में स्व. मुकेश की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुवात पंकज कुमार चौबे ने जीना यहां मरना, केके सिन्हा ने चल अकेला चल अकेला, सारेगामा म्यूजिकल कारवां के निदेशक उमेश विश्वकर्मा ने जाने कहां गए वो दिन, बसन्त कुमार रवि ने बरखा रानी जरा जम के बरसो, याकुब इकबाल ने इक दिन बिक जायेगा माटी के मोल, सारेगामा म्यूजिकल कारवां के ऑर्गेनाइजर अरुण कुमार पांडेय द्वारा सुहानी चांदनी रातें हमें सोने नहीं देती आदि गीतों समेंत कई युगल गीतों की प्रस्तुती देकर माहौल बना दिया। पंकज कुमार चौबे एवं प्रभा विश्वकर्मा ने फूल तुम्हे भेजा है खत में, बसन्त कुमार रवि और प्रभा विश्वकर्मा ने महबूब मेरे तू, उमेश विश्वकर्मा और प्रभा विश्वकर्मा ने संसार है इक नदिया, किशोर कुमार अम्बष्ठ और ऋतु अम्बष्ट ने तुमने किसी से कभी प्यार किया है आदि गीतों की प्रस्तुती दी। वहीं संगीत कला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में रंजीत किशोर ने जाने चले जाते है, पूर्णिमा कुमारी ने फूल तुम्हे भेजा है खत में, धर्मेंद्र कुमार ने चंदन सा बदन चंचल चितवन, परिधि कुमारी के साथ महबूब मेरे महबूब मेरे तू है तो दुनिया, सुनेश विश्वकर्मा ने दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन मे समायी, अनिल कुमार ने सुहानी चांदनी रातें हमे सोने नही देती, प्रियंका ने फूल आहिस्ता फेंको, लाल बहादुर सिंह ने जाने कहाँ गए वो दिन समेंत अन्य गीतों की प्रस्तुती दी गयी। मंच संचालन ज्योति कुमारी ने किया।

## राजनीतिक मंथन बिहार के कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने मुसलमानों से कहा : आपका दुआ चाहिए

# आगामी चुनाव में जन सुराज पार्टी ही जीतेगा : प्रशांत किशोर

### महात्मा गांधी के विचारधारा की पार्टी है जन सुराज

एजेंसी

**पटना :** देश के चर्चित रणनीतिकार और राजनीतिक में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले प्रशांत किशोर बिहार की राजनीति में चर्चित चेहरा हैं। आगामी बिहार चुनाव को लेकर वे सक्रिय हैं। प्रशांत किशोर ने ÷राजनीतिक मंथन बिहार नामक कार्यक्रम में मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुराज पार्टी के लिए आपको निमंत्रण देने आए हैं। आप इससे जुड़िए। उन्होंने कहा कि आपसे दो चीज मांगने आए हैं। आप हमें दुआ दीजिए। साथ ही अपना बच्चा भी दीजिए। वैसा बच्चा जो राजनीति करने की इच्छा रखता हो। ऐसे बच्चों को हमारे जन सुराज पार्टी में भेजिए। कुछ लोग कहते हैं कि जन सुराज पार्टी भाजपा की बी टीम है। लेकिन मैं आपको बता दूं कि यह भाजपा की बी टीम नहीं है। बल्कि महात्मा गांधी के विचारधारा की पार्टी है। इसलिए हमारा जन सुराज पार्टी में महात्मा गांधी का चित्र लगी गई है। प्रशांत किशोर ने कहा कि आप एक ऐसे कौम से ताल्लुक रखते हैं, जो सिर्फ एक वोटर है। आप ऐसे वोटर हैं जिसे ना सरकारी नौकरी मिलती है और न ही सरकारी दर्जा। मैं अभी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आगामी चुनाव में जन सुराज पार्टी ही जीतेगा। आपके कौम में बताया गया है कि ईमानदारी से किया गया कोई भी प्रयास असफल नहीं होता है। मैं ईमानदारी के साथ काम कर रहा हूं और आगे बढ़ रहा हूं। गांधी से बड़ा कोई विचार ही नहीं है। जिस विचारधारा से आप लड़ना चाहते हैं, उसका एक ही हथियार है महात्मा गांधी। जन सुराज महात्मा गांधी की विचारधारा के आधार पर व्यवस्था खड़ा करने का अभियान है। गांधी को छोड़कर कोई नहीं चल सकता है। अभी निमंत्रण देने आया हूं। जीतने के बाद फिर आऊंगा और आपके साथ बैठकर सेवाइयां खाऊंगा।

### बिहार के मुसलमानों का विकल्प हैं प्रशांत किशोर : अशफाक रहमान

अशफाक रहमान ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि मैं आपके सामने जोशीले तकरीर करके आपके जोश को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। ये एक लंबे अर्से के बाद आपके सामने ये एक पल आया है, जो सिर्फ होश की बात कर रहा है। वे हैं प्रशांत किशोर। मुसलमान वो कौम है, जिसे न सरकारी नौकरी मिलती है न दर्जा। आज प्रशांत किशोर से सवाल कीजिए, जो आप मुझसे करना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने मुझे नहीं बुलाया है। मैं उनके पास गया। इसलिए आप प्रशांत किशोर को सुनें। उन्होंने कहा कि बिहार के मुसलमानों का एक ही विकल्प हैं और वे हैं प्रशांत किशोर।




### वाई एम समीकरण समझने की जरुरत

प्रशांत किशोर ने कहा कि एमवाई समीकरण समझने की जरूरत है। वाई और एम पर भाजपा कैसे यूपी व बिहार में चुनाव जीत जा रहा है। जरा बतायेंगे कि मुस्लिम की संख्या घट रही है या यादव समाज यूपी, बिहार कर छोड़ कर चले गए हैं। शुरुआत में लालू सांसद के 53 सीटों चुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं। वहीं 2014 में 5 सीटों पर सिमट जाते हैं। 2019 में जीरो हो जाते हैं और फिर 2024 में थोड़ा सांस लेते हुए चार सीटों पर जीत दर्ज करते हैं। उसे लोकसभा में जगह मिलती है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि वाई नहीं बल्कि एम समीकरण हो गया है। एम वाई को वोट कर रहा है लेकिन वाई एम को वोट नहीं दे रहा है। वाई सीधे भाजपा को वोट दे रहा है।

**हिंदू मोदी को नहीं विचारधारा को वोट दे रहा है:** प्रशांत किशोर ने कहा कि यादव धोखा कर रहा है। इसको गहराई से सोचने और समझने की जरूरत है। इसी में आगे का रास्ता है। आधा से ज्यादा यादव भाजपा को वोट दे रहा है। 40 प्रतिशत वोट का मामला है, जो भाजपा को दिया ही जा रहा है। अगर 80 प्रतिशत वोट है जिसमें आधा वोट तो हिंदू विचारधारा के नाम पर दिया जा रहा है। इसमें यादव, ब्राह्मण, दलित, अति पिछड़ा, कुशवाहा आदि शामिल हैं,जो सिर्फ भाजपा को वोट देती है। मोदी को जाति के आधार पर नहीं, बल्कि विचारधारा के आधार पर वोट पड़ रहा है।

### मुसलमानों के वोट पर अब कोई दिमाग नहीं लगता क्योंकि वे 18 प्रतिशत हैं

प्रशांत किशोर ने कहा कि आजादी से पहले एक साथ होकर सभी मुसलमानों के साथ मिलकर अंग्रेजों से लड़ाई की थी। इन सब का नेतृत्व करने वाले एक ही व्यक्ति महात्मा गांधी होते थे। सभी लोग महात्मा गांधी के पीछे चलने को तैयार हुए। इसलिए जन सुराज भी गांधी को अपनाया। आप हिंदुओं की छोड़िए। आप सभी मुसलमानों से पूछिए कि मोदी और आडवाणी में किसी एक को चुनना हो तो किसे चुनेंगे। सभी आडवाणी को ही चुनेंगे। क्योंकि वह समझते हैं कि मोदी से ज्यादा बेहतर आडवाणी है। मुसलमान के वोट पर अब कोई दिमाग नहीं लगता है। क्योंकि मुसलमान का 18 प्रतिशत वोट है। सब समझते हैं कि इस पर ध्यान देने का कोई जरूरत नहीं है। वे दो प्रतिशत वाले वोटर पर ध्यान देते हैं। 2 प्रतिशत वाले वोटर हेलीकॉप्टर से चल रहे हैं। सभी मुसलमान को देखकर कहते हैं कि इस पर दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। आपको मैं आगे बता दूं कि जन सुराज पौधा है और इसको सींचने का काम आप लोग का है। इस पौधा को फलदार वृक्ष बनाएं। जिसके नीचे सभी को छाया मिल सके।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर डॉक्टर मुनाजिर हसन पूर्व सांसद सह पूर्व मंत्री, ओवैस अंबर सामाजिक गतिविधि, दानिश मलिक,अशफाक रहमान, युवा नेता मसीहुद्दीन सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### बंगाल में सरकार नाम की चीज नहीं और राहुल के मुंह पर टेप : ललन




**पटना :** बिहार में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बुधवार को एक बार फिर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कोलकाता रेप-मर्डर केस जहां एक ओर ममता बनर्जी की सरकार को लेकर घेरा। वहीं, दूसरी ओर जाति आधारित गणना को लेकर कांग्रेस पर भी हमला बोला। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। ललन ने कहा कि वहां अराजकता का माहौल है। हमें आश्चर्य होता है कि वहां की मुख्यमंत्री खुद महिला हैं। महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ अगर प्रदर्शन हो रहा है तो वो पानी का बौछार करवाती हैं, लाठीचार्ज करवाती हैं।आंसू गैस छुड़वाती हैं।ललन सिंह ने कहा कि वह ये भूल गई कि इसी के बल पर वो सत्ता में आई थीं, तो जो काम पहले सीपीएम के लोग करते थे, वही काम अब वो कर रही हैं। बता दें कि बीते रोज कोलकाता मर्डर केस को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बुधवार को लाठीचार्ज किया गया था। इसी मामले में ललन सिंह प्रतिक्रिया दे रहे थे। जदयू सांसद ललन सिंह ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो चुप रहेगी ही। हमने आपको बताया ना कि जाति आधारित गणना पर जब हम लोगों ने प्रस्ताव रखा तो राहुल राहुल गांधी के मुंह पर टेप लग गया था।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का तो यही हाल है, सत्ता पाने के लिए कुछ भी समझौता कर सकती है।

## कोयल पुल सेतु पर जाम से मच रहा त्राहिमाम, लोग हो रहे हैरान-परेशान

# कोयल पर बने पीपा का पुल : अरुणा शंकर

### अरुण शंकर ने कहा : सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक हो नो एंट्री जोन, एसपी करें पहल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल पुरनचंद सेतु पर प्रतिदिन लग रहे जाम की भयावह स्थिति पर पुलिस प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कोयल पुल प्रतिदिन 4 से 6 घंटा जाम हो रहा है। जो बच्चे चैनपुर शाहपुर की ओर से शहर स्कूल पढ़ने आते हैं। वे 5 बजे 6 बजे शाम में घर पहुंच रहे हैं।

मरीज अस्पताल आते हैं तो उन्हें घंटो पुल पर लौटने के लिए खड़ा रहना पड़ता है। अगर इमरजेंसी हो जाए तो कोई विकल्प नहीं है। इस पुराने पुल पर दबाव भी बढ़ रहा है। व्यवसाई धीरे-धीरे शहर से कटते जा रहे हैं। कभी चैनपुर शाहपुर की और कोई बड़ी घटना जैसे आग वगैरह लग जाने पर दमकल की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाएगी। लेकिन इस ट्रैफिक व्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। जिससे कभी बड़ी घटना भी हो सकती है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आरक्षी अधीक्षक से कहा है कि तत्काल सशक्त ट्रैफिक व्यवस्था करते हुए सुबह 8 से बजे से शाम 8 बजे तक पुल पर बड़ी गाड़ियों को रोकते हुए नो एंट्री जोन घोषित करें। मात्र स्कूल बस को आने जाने की अनुमति दी जाए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था का शक्ति से पालन हो। बड़ी गाड़ियां जो छत्तीसगढ़, गढ़वा, बनारस जाने वाली है, उन्हें पड़वा होकर भेजा जाए।

प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द दूसरे पूल का भी काम लगना है। बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलेंगी। ट्रैफिक और भी बाधित होगा। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा का पुल जिस पर थ्री व्हीलर मोटरसाइकिल और पैदल आवागमन हो सके। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत करनी चाहिए। अन्यथा आवागमन का और भी भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाएगा। बता दें कि आए दिन करीब करीब हर रोज कोयल सेतु पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। इस कारण त्राहिमाम मच जा रहा है। लोग अपने घर आने जाने के लिए परेशान हो जा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी तो स्कूली बच्चों और बीमार लोगों को हो रहा है। बीते रक्षाबंधन के दिन इस पुल पर 3 घंटा से ज्यादा जाम लग रहा। दोनों और 5 किलोमीटर वाहनों का लंबा कतार लग गया। इस दौरान रक्षाबंधन के दिन हजारों लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। गत मंगलवार की शाम करीब 7 बजे भी वैसा ही नजारा देखने को मिला। इस दिन भी बहुत लंबा जाम इस पुल पर लगा मिला। बीच पुल पर एक बड़ा वाहन के खराब हो जाने के कारण जाम लग गया। जाम लगने के बाद पुलिस पहुंचती है। तब तक बहुत देर हो जाती है। कोयल पुल कई राज्यों को जोड़ता है। इस पुल से होकर हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं।

इस और अगर प्रशासन का ध्यान नहीं गया तो कभी भी बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

## आरजी कर मामले में ममता बनर्जी बोलीं

# ऐसे कृत्यों की फांसी ही सजा

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद के 27वें स्थापना दिवस पर आरजी कर अस्पताल बलात्कार-हत्या मामले को लेकर बड़े दावे किए। उन्होंने कहा कि हमने आज का दिन आरजी कर डॉक्टर को समर्पित किया है। हम न्याय चाहते हैं, लेकिन भाजपा ने आज बंद का आह्वान किया है। वे न्याय नहीं चाहते, वे केवल बंगाल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। ममता ने कहा कि हम इस बंद का समर्थन नहीं करते। उन्होंने आगे कहा,भाजपा ने कभी भी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और यहां तक कि मणिपुर के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग नहीं की। हमने नबान्ना अभियान रैली की तस्वीरें देखीं, मैं स्थिति को अच्छी तरह से संभालने के लिए पुलिस को सलाम करती हूं। उन्होंने कहा कि आरजी कर महिला डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच सीबीआई कर रही है। 16 दिन से केंद्रीय जांच एजेंसी मामले की जांच कर रही है। कहां है न्याय? कहां तक पहुंची जांच? ममताने कहा कि ऐसे कृत्यों की केवल एक ही सजा है- फांसी पर लटकाना। अगले हफ्ते हम विधानसभा सत्र बुलाएंगे और दुष्कर्मियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए 10 दिनों के भीतर एक विधेयक पारित करेंगे। हम इस विधेयक को राज्यपाल के पास भेजेंगे। अगर वह इसे पारित नहीं करते हैं, तो हम राजभवन के बाहर धरना देंगे। यह विधेयक पारित होना ही चाहिए और वह इस बार जवाबदेही से बच नहीं सकते।पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा तृणमूल छात्र परिषद के 27वें स्थापना दिवस पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर केंद्र सरकार अगले 3-4 महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित समयबद्ध कानून पारित नहीं करती है, तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में बड़ा आंदोलन करेगी।

# 24 साल में पहली बार झारखंड में बनी है गरीब गुरबों की सरकार : मंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि झारखंड गठन के बाद 24 साल में पहली बार राज्य में गरीब गुरबों व झारखंड वासियों की सरकार बनी है। जब से राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से लगातार पूरे राज्य में गरीबों, मजदूरों, किसानों को ध्यान में रख कर सरकार जनहित की योजनाएं चला रही है। मंत्री श्री ठाकुर बुधवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत परिहारा पंचायत के विभिन्न गावों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे दिन- रात एक कर लगातार गढ़वा के विकास कार्य में लगे हुए हैं। पूर्व के जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद पांच साल के लिए क्षेत्र से गायब हो जाते थे। लाख प्रयास के बाद भी जनता उनका दर्शन नहीं कर पाती थी। पूर्व में क्षेत्र में कहीं भी, एक भी विकास का कार्य नहीं हुआ। मंत्री ने कहा कि जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें अपना सेवक चुना है तब से वे लगातार गांव-गांव घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। जनता की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा में ऐतिहासिक विकास कार्य हुआ है। उनका प्रयास है कि जनता को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। आपके गांव, आपके टोला तक पहुंचकर जनहित का सारा काम लगातार कर रहा हूं। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर परिहार पंचायत के ग्राम कितासोती कला स्कूल के समीप, ग्राम कितासोती खूर्द में स्कूल के समीप, ग्राम करके में देवी धाम के समीप, ग्राम बलिगढ़ में देवी मंदिर के समीप तथा ग्राम परिहारा में पंचायत भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने मनाई पीएन सिंह की पुण्यतिथि

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की पुण्यतिथि रांची स्थित कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनका व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मौके पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पीएन सिंह ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार भी रहे, 1987 में इन्हें बिहार राज्य लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। 2000 में प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष संगठन द्वारा इन्हें मनोनीत किया गया। संगठन के प्रति इनकी निष्ठा और इच्छा शक्ति को देखते हुए इन्हें 1980 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया।

# मनिका विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी में जेरोम जेराल्ड कुजूर

रंजीत कुमार @ प्रभात मंत्र



**गारू :** 2024 के आगामी विधानसभा चुनावों की सुगबुगाहट के बीच मनिका विधानसभा क्षेत्र से संभावित उम्मीदवार जेरोम जेराल्ड कुजूर ने अपनी राजनीतिक तैयारियों को धार देने का काम शुरू कर दिया है। कुजूर ने अपने क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के बीच व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास तेज कर दिया है।1991 से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत करने वाले जेरोम जेराल्ड कुजूर ने पिछले 33 वर्षों में आदिवासी समाज के लिए संघर्षशील नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान में वे नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठन, केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के केन्द्रीय सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कुजूर की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है, जिन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी है।÷कुजूर ने अपने चुनावी बयान में स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय के पारंपरिक स्वशासन प्रणाली की रक्षा करना और वनाधिकार कानून का सही तरीके से पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा,आदिवासी समुदाय का अस्तित्व और उनकी पहचान उनके पारंपरिक स्वशासन तंत्र और ग्राम सभा की स्वायत्तता में निहित है। सरकार और प्रशासन को इसे समझना होगा और इसके फैसलों का सम्मान करना होगा।÷कुजूर ने अपने क्षेत्र में सक्रिय आदिवासी आंदोलनों का हवाला देते हुए कहा कि नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में ग्राम सभा के फैसले को हेमंत सोरेन सरकार ने माना और जमीन देने से इनकार किया। उन्होंने कहा,यह एक उदाहरण है कि जब आदिवासी समुदाय एकजुट होकर अपनी आवाज उठाता है, तो सरकार को भी झुकना पड़ता है। लेकिन इसके लिए हमें अपनी पारंपरिक व्यवस्था और अधिकारों को मजबूत बनाए रखना होगा। कुजूर का मानना है कि आदिवासी समुदाय को संविधान में जो पहचान दी गई है, वह सही नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ÷आदिवासी÷ शब्द ही समुदाय की वास्तविक पहचान है, जबकि ÷अनुसूचित जनजाति÷ शब्द एक अपमानजनक टैग के रूप में लगाया गया है। मनिका विधानसभा क्षेत्र श्री कुजूर की दावेदारी को आदिवासी समुदाय के बीच सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है। कुजूर की राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता और उनकी आदिवासी अधिकारों के प्रति निष्ठा ने उन्हें क्षेत्र के मतदाताओं के बीच एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि आज भी हमारे समुदाय को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन जब तक हम अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को नहीं बचाएंगे, तब तक यह संघर्ष सफल नहीं हो सकता। कुजूर का कहना है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय के एकतापूर्ण समर्थन से जीत हासिल की थी। लेकिन पिछले पांच वर्षों में समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। जेरोम वही कहा की किस टिकट से चुनाव लड़ेंगे यह तय हमारा समुदाय करेगा। अभी हमारे समुदाय में लगातार बैठक और चर्चाएं हो रही है।